

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार, 11 नवंबर 2024 ■ कार्तिक शुक्ल पक्ष-10 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-221 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 12 नवंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ में फिर एक हाथी की मौत

**बलरामपुर,11 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के मुरका गांव के जंगल में एक हाथी का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया है. वन विभाग की टीम ने कल ही इस हाथी को ट्रेस किया था, लेकिन आज उसका शव जंगल में पाया गया. हाथी की मौत का कारण फिलहाल अज्ञात है और वन अमला मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गया है. यह घटना बलरामपुर वन परिक्षेत्र के मानिकपुर सर्किल का है. बता दें कि बीते 26 अक्टूबर को रायगढ़ जिले के तमनार रेंज में करंट लगने से एक ही परिवार के तीन हाथियों की मौत हो गई थी. इस घटना पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है और मामले में 4 नवंबर को सुनवाई सीएसपीडीसीएल के मैनेजिंग डायरेक्टर और ऊर्जा विभाग के सचिव से जवाब मांगा था.

### विधायक देवेंद्र यादव की रिमांड अवधि बढ़ी

**बलौदाबाजार,11 नवंबर।** कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव की रिमांड अवधि बढ़ा दी गई है. पुलिस ने बलौदाबाजार जिला न्यायालय से 14 नवंबर तक की रिमांड की मांग की थी, जिसे न्यायाधीश ने स्वीकार कर लिया है. अब विधायक यादव को 14 नवंबर को फिर से अदालत में पेश किया जाएगा. विधायक देवेंद्र यादव की तरफ से हाईकोर्ट में भी जमानत याचिका लगी है, जिसपर 13 नवंबर को सुनवाई होनी है. गौरतलब है कि देवेंद्र यादव पर बलौदाबाजार में 10 जून को हुए आगजनी प्रदर्शन में शामिल होने का आरोप है. इससे पहले भी उनकी जमानत याचिका खारिज की जा चुकी है. वर्तमान में वे रायपुर जेल में 17 अगस्त से बंद हैं. आज उनकी पेशी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में हुई.

### बाघ को जहर देकर मारने के मामले को हाईकोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

**बिलासपुर,11 नवंबर।** तीन दिन पहले कोरिया वनमंडल में बाघ को जहर देकर मारने के मामले में हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर जवाब तलब किया है. बाघ की मौत के बाद वन विभाग के अफसर घटना स्थल पहुंचकर दो किलोमीटर के दायरे में रह रहे लोगों से पूछताछ करने में जुटे हैं. बता दें कि पिछले हफ्ते शुक्रवार को वन अफसरों को गुरु घासीदास नेशनल पार्क से सटे एरिया में ग्रामीणों के माध्यम से मृत बाघ के बारे में जानकारी मिली. बाघ की बॉडी 2-3 दिन पुरानी थी. घटना की सूचना पाकर कोरिया डीएफओ, गुरु घासीदास नेशनल पार्क के डायरेक्टर, सीसीएफ सरगुजा सहित वन अफसर मौके पर पहुंचे. बाघ का पोस्टमार्टम कराने पर रिपोर्ट में उसे जहर देकर मारने की पुष्टि हुई है. बाघ का पीएम वन विभाग, पुलिस, एनटीसीए के प्रतिनिधि व ग्रामीणों की उपस्थिति में चार सदस्यीय पशु चिकित्सकों की टीम ने किया. पोस्टमार्टम के बाद बाघ के जरूरी अंगों को लैब टेस्ट के लिए सुरक्षित रखा गया है. घटना के दूसरे दिन रायपुर से एपीसीसीएफ वाइल्ड लाइफ घटना स्थल पहुंचे थे. बाघ को बदले की भावना से जहर देने की आशंका जताई जा रही है. बाघ द्वारा मवेशी के शिकार करने से मवेशी मालिक आक्रोशित हो गया होगा और उसने बाघ को मारने मवेशी के शेष बचे मांस में जहर मिलाकर दिया होगा. अफसर अलर्ट रहते तो जिस ग्रामीण के मवेशी का बाघ ने शिकार किया था, उस मवेशी के मालिक को वन अफसर तत्काल मुआवजा राशि उपलब्ध करा देते तो बाघ को जहरखुरानी से बचाया जा सकता था. घटना के पूर्व बाघ ने कहां-कहां विचरण किया, बाघ ने जिस जगह मवेशी का शिकार किया, उस जगह पहुंचकर मवेशी के बचे शेष मांस में किसने जहर मिलाया. इसकी जांच गोमर्डा अभयारण्य से आई डॉग स्क्वाड की टीम ने की है. संदेह के आधार पर वन विभाग के अफसर कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहे हैं.

# पुलिस टीम पर कट्टे से फायरिंग की कोशिश,3 आरक्षक जख्मी

## पैरोल से फरार हत्या के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रायपुर,11 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

जेल से पैरोल पर रिहा होने के बाद फरार हुआ कुख्यात मर्डर आरोपी राजा बैझड़ उर्फ रशीद अली राजधानी पुलिस के हत्थे चढ़ गया. टिकरापारा पुलिस की टीम ने सूझबूझ और साहस का परिचय देते हुए देर रात आरोपी को गिरफ्तार किया. आरोपी राजा बैझड़ ने पुलिस पर देसी कट्टे से हमला करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए उसे काबू में कर लिया.

घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र के मोती नगर की है, जहां मर्डर का यह आरोपी पैरोल से फरार था. पुलिस को सूचना मिलने के बाद टिकरापारा थाने की टीम आरोपी को पकड़ने गई थी. इसी दौरान आरोपी ने पुलिस पर देसी कट्टे से फायर करने का प्रयास किया. पुलिस ने उसे घेरकर गिरफ्तार कर लिया और उसके पास से एक लोडेड कट्टा बरामद किया गया. इस कार्रवाई में पुलिसकर्मियों को भी चोटें आई हैं. घायल पुलिसकर्मियों में प्रधान आरक्षक महेश नेताम, आरक्षक असवन साहू और सुनील पाठक शामिल हैं. टिकरापारा थाना प्रभारी मनोज साहू की टीम ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसमें विवेक यादव, आनंद शर्मा और रूप धुर्वेशी भी शामिल थे. एडिशनल एसपी डी आर पोर्ते ने बताया कि कोविड के दौरान राजा बैझड़ पैरोल पर बाहर आया था, लेकिन उसने नियत तिथि में जेल में आमद नहीं दी थी, जिसके बाद जेल प्रशासन की ओर से थाना टिकरापारा में इसकी सूचना मिली थी. लगातार आरोपी की पतासाजी की जा रही थी. इस दौरान सूचना मिली कि आरोपी मोती नगर इलाके में है. पेट्रोलिंग की टीम को मौके पर भेजा गया, जहां आरोपी ने पुलिसकर्मियों पर देसी कट्टे से फायरिंग करने की कोशिश भी की, पुलिस ने साहसिक कदम उठाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. इस कार्रवाई के दौरान 3 आरक्षक को भी चोट आई है.



### आज आखिरी बार उड़ान भरेंगे विस्तारा के विमान

**नई दिल्ली ,11 नवंबर ।** फुल सर्विस एयरलाइन विस्तारा सोमवार को अपनी आखिरी उड़ान भरेगी। मंगलवार से एयरलाइन एयर इंडिया समूह में शामिल हो जाएगी। इस विलय के साथ ही भारतीय एयरलाइन कारोबार में फुल सर्विस एयरलाइन की संख्या घटकर केवल एक रह जाएगी। विस्तारा का संचालन टाटा समूह और सिंगापुर एयरलाइंस के बीच संयुक्त उद्यम रूप में हो रहा था। अब एयर इंडिया के साथ विलय के बाद नई इकाई में भी सिंगापुर एयरलाइन की 25.1 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी।

विलय के बाद पहले महीने में विस्तारा की टिकट वाले 1,15,000 से ज़्यादा यात्री एयर इंडिया के नाम से उड़ान भरेंगे।

# पूर्व मंत्री कवासी लखमा के बयान पर बवाल



**रायपुर,11 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

छत्तीसगढ़ में संत राजीव लोचन महाराज के बयान पर पूर्व मंत्री एवं विधायक कवासी लखमा के टिप्पणी को लेकर बवाल खड़ा हो गया। विधायक लखमा के विवादित बयान को लेकर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सिविल लाइन थाने पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने कवासी लखमा के खिलाफ हिंदू विरोधी के नारे भी लगाए और एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर पुलिस में ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शनकारियों ने ज्ञापन सौंपने के बाद तत्काल एफआईआर की माँग रख सभी कार्यकर्ता थाना परिसर में बैठकर हनुमान चालीसा पढ़ने लगे। दरअसल, हाल ही में संत राजीव लोचन महाराज के चार बच्चे पैदा करने वाले बयान पर विधायक कवासी लखमा ने एक विवादित टिप्पणी कर दी। उन्होंने संत राजीव लोचन महाराज को शादी कर बच्चे पैदा करने की सलाह दे दी। जिसके बाद वीएचपी और बजरंग दल विरोध में उतर आये हैं। वीएचपी के जिला संयोजक ने बताया कि इससे पहले खमारडीह थाने में भी एफआईआर का ज्ञापन सौंपा जा चुका है। 24 घंटों का समय मांगा गया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इसलिए सभी कार्यकर्ता ज्ञापन सौंपने सिविल लाइन थाने पहुंचे हैं। वहीं वीएचफी और बजरंग दल ने ये भी मांग रखी है कि पूर्व मंत्री कवासी लखमा अपनी टिप्पणी के लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगे। अन्यथा इसके विरोध में शासन के खिलाफ जाने की पूरी रणनीति तैयार की जा चुकी है। वहीं इस विषय पर अब सियासत भी तेज होने लगी है। इस मामले में सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि धर्म गुरु क्या कहते हैं, क्या नहीं ये उनका विषय है। उस विषय पर अपनी प्रतिक्रिया के तौर पर विरोध करना, कांग्रेस का हमेशा का काम रहा है।

# नक्सल इलाके से पुलिस कैंप हटाने का पहली बार विरोध

**कांकेर,11 नंबर।** बस्तर संभाग के नक्सल इलाकों में अक्सर कैंप खुलने का विरोध होता आया है। गांव के लोग फोर्स के आने के खिलाफ खड़े होते हैं लेकिन पहली बार पुलिस कैंप हटने का विरोध हुआ है। कांकेर में कैंप के शिफ्ट होने पर रात में ग्रामीण सडक़ पर उतर आए। बताया जा रहा है कि, सीएसबी कैंप को कहीं और शिफ्ट किया जा रहा है। लेकिन ग्रामीण चाहते हैं कि कैंप बंद न हो। ग्रामीणों का कहना है कि, कैंप हटने से गांव में फिर नक्सल हावी हो सकते हैं। मामला लोहत्तर थाना इलाके के दुर्गूकोंदल ब्लॉक के जाड़ेकुर्से गांव का है। ग्रामीणों का कहना है कि, कैंप हटने से गांव का विकास फिर रुक जाएगा। ग्रामीणों ने सुरक्षाबल से कैंप न हटाने की मांग की है। कैंप हटाने के विरोध में करीब 12 गांव के ग्रामीण प्रदर्शन पर बैठे हैं। पहले तो आईजी और पुलिस प्रशासन के आश्वासन के बाद सभी वापस लौट गए। इसके बाद शनिवार को सुरक्षाबल जाने की तैयारी को लेकर ट्रकों में सामान लोड कर रहे थे। यह देख जवानों को रोकने ग्रामीण फिर धरने पर बैठ गए। रात भर ग्रामीण ठंड के बीच अलाव जलाकर धरने पर बैठे रहे।

ग्रामीण संतोष जैन ने बताया कि, शनिवार शाम को कैंप हटाने जेसीबी लाया जा रहा था। सूचना मिलते ही ग्रामीण फिर धरने पर बैठे हैं। जब तक लिखित आदेश नहीं मिल जाता, तब तक धरने पर बैठे रहेंगे। क्योंकि, अब भी नक्सलियों से खतरा बना हुआ है। अंदर के गांवों में नक्सली आते हैं। कैंप हटते ही नक्सली वापस घुस आएंगे। गांव वालों का कहना है कि, 4 साल पहले इलाके से एक सहायक आरक्षक गायब हुआ था। वो अब तक नहीं मिला है। गांव वालों को आशंका है, उसे नक्सली उठा ले गए हैं। पहले नक्सली जनअदालत लगाकर लोगों की पिटाई करते थे। कुछ और ग्रामीणों ने कहा कि, अब कैंप लगने के बाद ग्रामीण शांति से रहने लगे हैं। ग्रामीणों के बच्चे पढ़ाई भी करने लगे। अब हर घर से कोई न कोई 12वीं पास कर चुका है। इलाके में सडक़, पुल सहित मूलभूत सुविधाएं ग्रामीणों को मिल रही है। कैंप चला जाएगा तो हमें दिक्कत होगी। कांकेर के दुर्गूकोंदल इलाके के नक्सल प्रभावित इलाके में 2008 में सीएसबी कैंप खोला गया था। इस इलाके में नक्सलियों ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। इसे देखते हुए सरकार ने छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल का कैंप लगाया था। कैंप लगने के बाद नक्सल वारदात में कमी आई। अब कैंप को हटाकर दूसरे इलाके में शिफ्ट किया जा रहा है।

## 2 ट्रकों में आमने-सामने की टक्कर

**कोंडागांव,11 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले के एनएच 30 पर सिंगनपुर के पास भीषण सड़क हादसा हो गया. हाईवे पर 2 ट्रकों के बीच भीषण टक्कर हो



गई. दोनों ट्रकों की भिड़ंत इतनी खतरनाक थी कि दोनों ट्रकों के सामने के हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए. सूचना मिलने पर केशकाल पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और ट्रक में बुरी तरह घायल स्थिति में फंसे ड्राइवर को कड़ी मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया और तत्काल अस्पताल भेजा गया. वहीं दूसरा ट्रक ड्राईवर सुरक्षित बताय जा रहा है. जानकारी के अनुसार, एक ट्रक जगदलपुर से रायपुर ईमली भरकर केशकाल थाना क्षेत्र के ग्राम सिंगनपुर स्थित मेमन फ्यूल्स के पास जा रहा था. इस दौरान दूसरी ट्रक भी तेज रफ्तार से आकर ट्रक में जा भिड़ी. इस घटना में एक एक ट्रक का ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हालत में ट्रक के अंदर करीब डेढ़ घंटे तक फंसा रहा. ड्राइवर के दोनों पैर बुरी तरह कुचल गए. घायल ड्राइवर को तत्काल केशकाल अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे कांकेर अस्पताल रिफर कर दिया है. वहीं, दूसरे ट्रक का चालक सुरक्षित बताया गया है.

## 730 बोरी अवैध धान जब्त, ट्रक सीज

**बलरामपुर,11 नवंबर।** छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के धनवार बॉर्डर स्थित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर कृषि और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की है. विभागीय अधिकारियों ने जांच के दौरान उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे एक ट्रक को 730 बोरी अवैध धान के साथ पकड़ा है, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन कर रहे थे. खाद्य विभाग की टीम ने धान को जब्त कर ट्रक को सीज कर दिया है. एसडीएम चेतन साहू ने इसकी पुष्टि की है. बता दें, प्रदेश में 14 नवंबर से धान की सरकारी खरीदी प्रक्रिया शुरू होने वाली है, इससे पहले प्रशासन राज्य में अवैध धान के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है. कलेक्टर ने इस मामले में सख्ती बरतते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को अवैध धान के



परिवहन पर रोक लगाने के लिए कड़े निर्देश दिए हैं, ताकि धान की खरीदी प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी न हो और किसानों को उनका पूरा हक मिल सके. बीते कुछ दिनों में इस क्षेत्र में पहले भी अवैध धान के परिवहन की घटनाएं सामने आई हैं. हाल ही में एक पिकअप ट्रक से भी अवैध धान की बड़ी खेप पकड़ी गई थी.

## जस्टिस संजीव खन्ना बने देश के 51वें सीजेआई

**नई दिल्ली,11 नवंबर।** जस्टिस संजीव खन्ना देश के 51वें चीफ जस्टिस बन गए हैं। सोमवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें शपथ दिलाई। चीफ जस्टिस संजीव खन्ना पूर्व सीजेआई डी वाई चंद्रचूड़ की जगह लेंगे, जिनका कार्यकाल 10 नवंबर को खत्म हुआ है। जनवरी 2019 से सुप्रीम कोर्ट के जज के रूप में कार्यरत न्यायमूर्ति खन्ना कई ऐतिहासिक फैसलों का हिस्सा रहे हैं, जैसे ईवीएम की पवित्रता को बनाए रखना, चुनावी बॉन्ड योजना को खत्म करना, अनुच्छेद 370 को निरस्त करना और दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देना। सुप्रीम कोर्ट जज के तौर पर जस्टिस खन्ना ने 65 फैसले लिखे हैं। इस दौरान वे करीब 275 बेंचों का हिस्सा रहे हैं। जस्टिस खन्ना का कार्यकाल सिर्फ 6 महीने का होगा। 64



साल के जस्टिस खन्ना 13 मई 2025 को रिटायर होंगे। अपने छह महीने के छोटे कार्यकाल में जस्टिस खन्ना को मैरिटल रेप केस, इलेक्शन कमीशन के सदस्यों की अपॉइंटमेंट की प्रोसेस, बिहार जातिगत जनसंख्या की वैधता, सबरीमाला केस के रिव्यू, राजद्रोह की संवैधानिकता जैसे कई बड़े मामलों में सुप्रीम निर्णय देंगे।

# ढाई साल बाद सुलझी अंधे कत्ल की गुत्थी

**रायपुर,11 नवंबर ■ तरुण छत्तीसगढ़**

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर द्वारा हत्या के अनसुलझे प्रकरणों के मामलों में समीक्षा उपरांत प्राप्त दिशा निर्देश पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा विशेष टीम गठित कर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्तन राठौर के नेतृत्व में तथा नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) रायपुर के पर्यवेक्षण में गठित विशेष टीम द्वारा लगातार गंभीरता एवं सुक्ष्मता से जांच कार्यवाही करते हुए 02 साल पूर्व के अनसुलझे हत्या के मामले को सुलझाने एवम आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल किया गया। दिनांक 18/04/22 को प्रार्थी/आरोपी द्वारा थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि मेरी दूसरी पत्नी शिव कुमारी औंधे मुंह गिर कर पड़ी हुई है जिसके आस-पास बहुत ज्यादा खुन बहा है तथा मृत्यु हो गई है एवं उसके आस पास टूटे चुड़ी पड़े हैं देख कर ऐसा लगता है कि उसके ऊपर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जान



से मारने की नियत से हमला कर वार किये हैं जिससे उसकी मृत्यु हो गई है कि रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आसपास के लोगो के पूछताछ किया गया। जिसमे यह पाया गया कि मृतिका का पति/आरोपी गांव के अलग अलग लोगो को अलग अलग तरीके से घटना के बारे में बता कर गुमराह कर रहा था ,एवं घटनास्थल पर सबसे पहले पहुचने वाला व्यक्ति आरोपी ही था, जिसके संबंध में आरोपी से कई बार पूछने पर घटना के संबंध में कथनों में कई तत्थ्यातक विरोधाभासी जानकारी मिली,जिस पर आरोपी के ऊपर शंका होने पर कड़ाई से पूछताछ किया गया जो गुनाह करना स्वीकार करते हुए बताया कि मृतिका अन्य मर्दों से शारिरिक संबंध बनाने लगी थी जिसे मना करने के बावजूद नही मान रही थी जिस कारण गांव में आरोपी एवम उसके परिवार की बदनामी होने से आक्रोशित होकर योजनाबद्ध तरीका अपना कर हत्या कर लूट का घटना बताने के लिए षड्यंत्र रच कर अंजाम दिया गया था।

# रिटायर कर्मी रेलवे में फिर कर सकेंगे नौकरी

**रायपुर,11 नवंबर।** रेलवे से सेवानिवृत्त हो चुके कर्मचारियों के लिए खुशखबरी है. रेलवे उन्हें फिर से नौकरी का अवसर देने जा रहा है. इसके लिए पूरे देश में 25 हजार पदों में भर्ती की जाएगी. शर्त यह होगी कि कर्मचारी की उम्र 65 वर्ष से कम होनी चहिए. रिटायर हो चुके कर्मचारियों के लिए एक बार फिर रेलवे में नौकरी करने का मौका है. रेलवे ने अपने अनुभवी कर्मचारियों को फिर से नौकरी में रखने का फैसला लिया है. कर्मचारियों की कमी को दूर करने के लिए रेलवे ने पूरे देश में 25 हजार कर्मचारियों की भर्ती करेगा. इसमें रिटायर सुपरवाइजर, ट्रेकमैन और अन्य कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाएगी. यह पद सिर्फ सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए रहेगा. वहीं कर्मचारी की उम्र 65 वर्ष से कम होनी चाहिए. हालांकि यह नौकरी अस्थाई रूप से होगी. शुरूआत में सिर्फ 2 वर्ष के लिए नियुक्ति की जाएगी. वहीं कर्मचारी के कार्यों के आधार पर समय को बढ़ाया जाएगा. कर्मचारी की मेडिकल फिटनेस सबसे महत्वपूर्ण है. इसके अलावा पिछले 5 वर्ष के कार्यों का परफॉर्मेंस भी देखा जाएगा.



रेलवे यह भी जांच करेगा कि उनके खिलाफ कोई जांच तो नहीं चल रही है. अगर रिटायर कर्मचारी के खिलाफ रेलवे में कोई जांच चल रही है तो उसे नौकरी में नहीं रखा जाएगा. सभी जोन के महाप्रबंधक अपने- अपने यहां सेवानिवृत्त कर्मचारियों की भर्ती करेंगे. सेवानिवृत्त कर्मचारियों को बराबर का वेतन दिया जाएगा. मतलब जितनी सेलरी वर्तमान कर्मचारियों को दी जाती है, उतना ही वेतन रिटायर कर्मचारियों को दिया जाएगा. हालांकि मूल पेंशन घटा दी जाएगी. वेतन के अलावा कर्मचारी को ट्रेवल एलाउंस भी दिया जाएगा.

## 470 करोड़ से ओलंपिक खेलों से झोली में आये एक रजत, 5 कांस्य सहित सिर्फ 6 पदक

jasclaudius@gmail.com

# अब जीत की अधिक संभावना वालों पर देंगे ध्यान

✍ **जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

आधुनिक ओलंपिक खेलों में भारतीय खिलाड़ियों का प्रदर्शन चिंता का विषय बन गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2014 में सत्ता में आने के बाद भारत को खेलकूद के अंतर्राष्ट्रीय मंच पर सम्मानजनक ढंग से स्थापित करने के लिए निरंतर प्रयास किया जा रहा है। सबसे उल्लेखनीय कदम खेलों इंडिया नामक कार्यक्रम को आरंभ करना रहा। जिसके माध्यम से अनजान जमीनी खेल प्रतिभाओं को खोज निकाला जा रहा है। फिर प्रतिभाशाली प्रतिभाओं को भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से आधुनिक संसाधनों तथा विदेशी-देशी प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षित किया जा रहा है। टाप्स याने टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम के तहत चयनित खिलाड़ियों को प्रतिमाह आर्थिक मदद दी जाती है। प्रतियोगिता की तैयारी हेतु अन्य देशों के खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करने हेतु विदेश भेजने की व्यवस्था की जाती है। इनके अलावा भी भारत के विभिन्न राज्यों में भारतीय खेल प्राधिकरण के केंद्र खोले गये हैं। इस प्रकार भारतीय खिलाड़ियों को विश्व के अन्य खिलाड़ियों से खेलकूद में बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार का खेल विभाग लगातार कोशिश कर रहा है। इस तरह विश्व स्तरीय खिलाड़ी तैयार करने के लिए खेल से जुड़े अन्य सहयोगियों, चिकित्सकों, फिजियोथेरेपिस्ट, आहार विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानिकों आदि की नियुक्ति भारतीय खेल प्राधिकरण के अधिकारियों के द्वारा की गई है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात 1947 से खेल के लिए बजट का आबंटन यथा संभव किया जा रहा है।

लेकिन इस दिशा में पिछले 11 वर्षों में भारत सरकार की कोशिश की जितनी सराहना की जाए कम है। 2024-25 में जहां खेलकूद के लिए बजट का प्रावधान करीब 2300 करोड़ कर दिया गया है। वहीं 2013-14 में यह राशि लगभग 720 करोड़ की थी। इस प्रकार हम कह सकते हैं कि सिर्फ दस वर्षों में बजट को 1680 करोड़ बढ़ा दिया गया। अर्थात खिलाड़ियों को प्रतियोगिता की तैयारी करने में न सुविधा की कमी की गई ना ही आर्थिक मदद की। अब दूसरा पक्ष अगर हम सोचें कि जब भारत सरकार ने अपनी तरफ से प्रतिभागियों को इतना सब कुछ दिया तो खिलाड़ियों ने देश को क्या दिया? आज हमारे राजनेताओं, खेल प्रशासकों, देश के नागरिकों के समक्ष एक बड़ा प्रश्न आ खड़ा हुआ है। ओलंपिक जैसे बहु खेल स्पर्धा में किसी भी देश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सर्वश्रेष्ठ होने का आधार माना जाता है तो हमारे खिलाड़ियों की उपलब्धि को हम क्या कह सकते हैं। 2024 पेरिस ओलंपिक में भारत के 110 प्रतिभागियों ने 16 खेलों में भाग लिया। योग्यता हासिल करने और उसके बाद उनके प्रशिक्षण, खान-पान, आवास, परिवहन आदि पर 470 करोड़ रुपये खर्च किए गये। परिणाम स्वरूप एक रजत और 5 कांस्य सहित 6 पदक हमारे देश की झोली में आये और पेरिस ओलंपिक में भाग ले रहे 206 देशों में भारत को पदक तालिका में 71 वां स्थान प्राप्त हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत के खिलाड़ियों के प्रदर्शन को सुधारने के लिए स्वतंत्रता के पश्चात हमारे देश में लगातार कोशिश जारी है लेकिन पिछले 11 वर्षों में केंद्र सरकार के खेल विभाग ने इस दिशा में जो प्रयास किया है। उसका वांछित परिणाम नहीं आ पा रहा है। 2016 रियो द जनेरियो, ब्राजील के ओलंपिक खेलों में 63 पुरुष 54 महिलाओं के साथ कुल 117 खिलाड़ियों ने भाग लिया और सिर्फ एक रजत, एक कांस्य पदक जीत सके। इसमें करीब 240 करोड़ खर्च किए गये। इसी तरह टोक्यो 2020 ओलंपिक खेलों में 119 खिलाड़ियों के दल ने जिसमें 66 पुरुष 53 महिलाएं थीं। उन्होंने 18 खेलों में मुकाबला किया और एक स्वर्ण दो रजत तथा चार कांस्य सहित सात पदकों पर कब्जा जमाया। इसके लिए करीब 320 करोड़ खर्च किए गये। इस प्रकार के अध्ययन से स्पष्ट है कि भारत सरकार अपने खिलाड़ियों को ओलंपिक स्पर्धा में दावा प्रस्तुत करने के लिए एक बड़ी राशि खर्च करती है। परंतु उसके एवज में भारतीय खिलाड़ी फिसड्डी साबित हो रहे हैं। इस परिस्थिति से निपटने के लिए भारत के मिशन ओलंपिक सेल जिसमें पूर्व ओलंपियन कोच,अधिकारी तथा खेल प्रशासक होते हैं उन्होंने निर्णय लिया है कि भविष्य में सिर्फ उन्हीं खिलाड़ियों पर अधिक ध्यान दिया जायेगा जो वास्तव में पदक जीतने की क्षमता रखते हैं। यह एक अच्छा निर्णय है क्योंकि सिर्फ ओलंपिक खेलों में भाग लेने की योग्यता रखने वालों पर खर्च करने से जीत की संभावना वाले खिलाड़ियों पर ध्यान देना ज्यादा उचित होगा।

### भारत में इस्कॉन पर बैन की उठी मांग, ह्यूस्टन रथयात्रा विवाद गहराया

**पुरी ,11 नवंबर।** ह्यूस्टन में आयोजित हुई जगन्नाथ रथयात्रा को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ओडिशा के पुरी में स्थित गोवर्धन पीठ ने इस्कॉन पर बैन लगाने की मांग की है। पीठ का आरोप है कि इस्कॉन ने रथयात्रा के संबंध में जो आश्वासन दिए थे, उनका पालन नहीं किया। गोवर्धन पीठ के प्रवक्ता मातृ प्रसाद मिश्रा ने कहा, ह्युस्टन में इस्कॉन ने लिखित में आश्वासन दिया था कि वे असमय रथ यात्रा का आयोजन नहीं करेंगे। उन्होंने हमारे धर्म के साथ साजिश की है। इस्कॉन ने हाल ही में ह्यूस्टन में जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन किया था। इस आयोजन में भगवान जगन्नाथ की मूर्ति के बजाय नंदीघोष की मूर्ति को रथ पर रखा गया था। इसी बात को लेकर ओडिशा में विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं। ओडिशा के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने कहा कि इस मामले में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन ही कोई फैसला करेगा।

# नपाध्यक्ष मनहरण कौशिक ने किया वार्डों में भूमिपूजन,नगरवासियों ने किया हर्ष व्यक्त



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 11 नवंबर।** वार्ड क्रं. 24 , 25 ओर 26 में आज नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, वार्ड पार्षद प्रमोद शर्मा, सुनील साहू व वार्डवासी की उपस्थिति में अधोसंरचना मद अंतर्गत 80 लाख 74 हजार की लागत से निर्मित होने वाले पाइप लाइन विस्तारीकरण व सीसी रोड़ निर्माण का भूमिपूजन कर कार्य प्रारंभ कराया गया ।नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक ने बताया कि छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयास से वार्डो में विकास की गंगा बह रही है गणेश साहू के घर से गोपाल अग्रवाल के घर तक सी सी रोड, पवन मिश्रा के घर से रोहित ठाकुर के घर तक सी सी रोड, मदरसा गली में पाइप लाइन विस्तार, कलीराम साहू के घर से अभिषेक साहू के घर तक पाइप लाइन निर्माण विस्तार, जुटेल साहू के घर से पुराण योगी के घर तक पाइपलाइन निर्माण, बंटी अग्रवाल के घर से संतोष साहू के घर तक सी सी रोड निर्माण, सुशीला यादव के घर से अजय साहू के घर तक सी सी रोड निर्माण, सीता ठाकुर के घर से फागू यादव के घर तक पाइपलाइन निर्माण, रानी खान के घर से सोनू कौशिक के घर तक पाइपलाइन निर्माण, सुरेश साहू के घर से ठाकुर मैडम के घर सी सी रोड नाली पाइप लाइन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया । वार्ड के सम्मानीय नागरिकों की उपस्थिति में कार्य प्रारंभ कराया गया।

भूमिपूजन होने से वार्डवासियो ने खुशी ज़ाहिर की-नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा आज वार्ड क्रं. 24, 25 व 26 के विभिन्न स्थानों में पाइप लाइन विस्तारीकरण व सीसी रोड निर्माण लागत 80 लाख 74 हजार रूपये का भूमिपूजन किया गया है सभी वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से सीसी रोड निर्माण की मांग की जा रही थी सीसी रोड निर्माण नही होने से वार्डवासियों को बरसात के दिनों में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था अब बरसात पूर्व सीसी रोड निर्माण होने जाने से लोगो को काफी सुविधा होगी। सभी उपस्थित लोगों ने सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति होने से उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष मनहरण कौशिक, पार्षद गणो का हार्दिक आभार जताया है। भूमिपूजन के अवसर पर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद कवर्धा मनहरण कौशिक,, पवन जायसवाल, सुनील साहू, राजेंद्र सलूजा, विनीत छाबड़ा , प्रमोद शर्मा , कार्यपालन अभियंता एम एल कुर्रे , संजय देसाई, बलबीर खनूजा, प्रवीण राजपूत, रघुनाथ योगी, , बिहारी धुर्वे और शहर वासी उपस्थित रहे ।

## पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर कपड़े का थैला लेकर ही मार्केटिंग करें, कवर्धा वासियों से अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 11 नवंबर।** दिवाली में मार्केटिंग कपड़े की थैली में बहुत कम किए लोग ओर सड़को या नालियों में दिखी ज्यादाकार झिल्ली । जो की स्वच्छता के लिए भी खतरनाक ओर पर्यावरण भी प्रदूषित होती है । जिला पंचायत पूर्व अध्यक्ष श्रीमति सीमा अनंत , भोरम देव शक्कर कारखाना के पूर्व डायरेक्टर लक्की चंद्रवंशी, जिला पंचायत सदस्य रामकृष्ण साहू , उद्योगपति चंद्रशेखर चंद्रवंशी ओर राइस मिल के संचालक आनंद चंद्रवंशी ने लोगो से विनम्र अपील की मार्केटिंग करने जाये तो कपड़े का थैला लेकर ही समान खरीदे और दुकानदार भी कपड़े का थैला में ही सामान दे जिससे की स्वच्छता बेहतर हो ओर पर्यावरण संरक्षण भी हो । चिंतनीय विषय है की गावों और शहरो की दुकानों में आसानी से ग्राहकों को पॉलीथिन ( झिल्ली ) में सब्जी , कपड़ा , कापी , पेन , बिस्किट , चिप्स आसानी से दे देते है और ग्राहकों की भी आदत बिना कपड़े के थैला लेकर मार्केट जाने की आदत बन गई है । गावों और नगर पालिका , नगर पंचायत में प्रशासन को भी पॉलीथिन ( झिल्ली ) मुक्त ओर कपड़े का थैला युक्त का संदेश देना चाहिए जिससे की बेहतर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण भी होगी ।

## एक नजर

### दो आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 11 नवंबर।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र नेहरु नगर स्थित चन्दू लाल चन्द्राकर अस्पताल के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास से चोरी हुई हाइवा को सुपेला पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से ग्राम ढाब बोरी से बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है सुपेला टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि अनिल कुमार राय निवासी लक्ष्मी नगर सुपेला ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 अक्टूबर को ट्रक हाइवा सीजी 08 व्ही 1058 को चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल नेहरू नगर के बगल पेट्रोल पंप में खड़ी किया था। जिसे अज्ञात आरोपी चोरी कर ले गया है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना सुपेला में चोरी का अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आस.पास में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाला गया। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर तलाश किया जा रहा था। तलाश के दौरान ज्ञात हुआ कि प्रार्थी की ट्रक हाइवा ग्राम .ढ़ाबा;बोरीद्ध क्षेत्र में देखा गया है। मुखबीर सूचना के आधार पर पुलिस की टीम ग्राम ढाबा;बोरीद्ध क्षेत्र रवाना हुआ था। हाइवा ग्राम ढाबा;बोरीद्ध रोड में खराब होने से खड़ी किया थाए जिसे आरोपी हरीश यादव ;20 वर्षद्ध निवासी दनिया बोरी हाल पता. पदुम नगर भिलाई.3 एवं हेमराज साहू ;20 वर्ष द्ध निवासी ग्राम परसदापार पोष्ट नवागांव थाना बोरी के कब्जे से बरामद किया। आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकारते हुए प्रार्थी की ट्रक ;हाइवाद्ध चन्दूलाल चन्द्राकर अस्पताल के बगल स्थित पेट्रोल पंप से चोरी करना बताया दोनोंआरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।

### अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई, 11 नवंबर।** भिलाई पीड़िता का अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने वाले दो आरोपियों को धमधा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है धमधा टीआई पीडी चन्द्रा ने बताया कि 28 सितंबर को पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि आरोपी किसलय उर्फ वैभव यादव निवासी धमधा से इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती हुई थी दोस्ती होने के बाद लगातार आपस में बातचीत करते रहे तभी आरोपी पीड़िता की दोस्ती का फायदा उठाकर धमकर वाट्सएप वीडियो कॉल कर उसका अश्लील वीडियो बनाकर अपने अन्य दोस्तों हुकुम सिन्हा, आदर्श शर्मा, अयान खान, देवांश दानी, राहुल के साथ मिलकर बेइज्जत करने की नीयत से अश्लील वीडियो वायरल किया। रिपोर्ट पर मामले में अपराध दर्ज कर प्रकरण के दो आरोपी किसलय उर्फ वैभव यादव ( 19 साल ) निवासी बजरंग चौक धमधा व हुकुम सिन्हा ( 21 साल ) निवासी कलारपारा धमधा को गिरफ्तार कर लिया है






### घर में चोरी

**भिलाई, 11 नवंबर।** भिलाई उतई थाना क्षेत्र के ग्राम बोदल निवासी किसान हरीशचंद्र साहू के घर में चोरी हो गई। शिकायतकर्ता तीन नवंबर को दोपहर में एक बजे अपने परिवार के साथ अपने गांव में आयोजित मातर का कार्यक्रम देखने के लिए गया था वहां से सभी लोग दोपहर में तीन बजे वापस लौटे तो उन्हें घर के दरवाजे का कुंडा खुला मिला अंदर जाकर देखा तो कमरे की आलमारी भी खुली हुई थी किसी अज्ञात आरोपित ने आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर और डेढ़ हजार रुपये नकद चोरी कर ली थी चोरी गए सामानों की कुल कीमत करीब 80 हजार रुपये आंकी गई है।

### नियमों का उल्लंघन करने वाली यात्री बसों के खिलाफ जांच अभियान



**भिलाई, 11 नवंबर।** दुर्ग परिवहन विभाग की उड़नदस्ता टीम ने नियमों का उल्लंघन करने वाले यात्री बसों के खिलाफ जांच अभियान चला रखा है उड़नदस्ता टीम तीन महीने से लगातार बसों की जांच कर कार्रवाई कर रही है जांच के दौरान बसों में किराया सूची चस्पा किया गया है या नहीं और कंडक्टरों के लाइसेंस सहित अन्य दस्तावेजों की जांच कर रही है कमी पाए जाने पर जुर्माना वसूल किया जा रहा है परिवहन उड़नदस्ता की टीम विभिन्न रूटों पर चलने वाली बसों की जांच कर रही है टीम ने सितंबर माह में 53, अक्टूबर में 80 और नवंबर में अभी तक 72 बसों के खिलाफ कार्रवाई की है दुर्ग परिवहन उड़नदस्ता प्रभारी विष्णु ठाकुर ने बताया कि परिवहन मुख्यालय के निर्देश पर यह कार्रवाई की जा रही है और यह नियमित रूप से चलती रहेगी बसों की जांच के साथ साथ ओवरलोड वाहनों पर भी लगातार प्रभावी कार्रवाई जारी है उड़नदस्ता टीम द्वारा ओवरलोड के 200 से अधिक वाहनों के अलावा बिना परमिट, फिटनेस, बीमा तथा अन्य अपराधों पर कार्रवाई कर सितंबर में एक करोड़ 50 लाख रुपये, अक्टूबर में एक करोड़ 68 लाख से भी अधिक का जुर्माना वसूल किया वहीं नवंबर माह में अभी तक 72 बसों पर कार्रवाई कर दो लाख 65 हजार रुपये का जुर्माना वसूल किया है

## सुदूर वनांचल की 12 बालिकाओं का राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए चयन, पुलिस कप्तान ने दी बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,11 नवंबर।** सुदूर वनांचल क्षेत्र की 12 बालिका कबड्डी खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिए किया गया है। कबीरधाम पुलिस द्वारा संचालित ग्राम खेल समिति के माध्यम से इन बालिकाओं ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपने खेल कौशल और समर्पण का परिचय दिया है। यह चयन उनके दृढ़ निश्चय और लगातार प्रयासों का प्रतीक है, जो खेल के प्रति उनके जुनून को दर्शाता है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उत्साहवर्धन के लिए पुलिस विभाग द्वारा निऱ्शुल्क वाहन व्यवस्था की घोषणा की, ताकि ये खिलाड़ी प्रतियोगिता में बेझिझक और सुविधाजनक रूप से भाग ले सकें। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि यह चयन न केवल आपकी मेहनत का परिणाम है, बल्कि आपके क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं की पहचान को भी उजागर करता है। श्री सिंह ने सभी खिलाड़ियों से अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से क्षेत्र का गौरव बढ़ाने का आह्वान किया।इन खिलाड़ियों के चयन से वनांचल क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे पूरे जिले के लिए गर्व का क्षण मानते हुए कबीरधाम पुलिस और पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का मानना है कि पुलिस विभाग के सहयोग और मार्गदर्शन से क्षेत्र के बच्चों में आत्मविश्वास और खेल के प्रति रुचि में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।वनांचल क्षेत्र के निवासियों ने कबीरधाम पुलिस के इस महत्वपूर्ण योगदान के लिए हार्दिक धन्यवाद ज्ञापित किया और कहा कि पुलिस विभाग की इस पहल से खेल और शिक्षा के क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव आया है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह और उनकी टीम का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पुलिस विभाग के प्रयास न केवल खेलों में, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक विकास के अन्य क्षेत्रों में भी अभूतपूर्व सुधार ला रहे हैं।पुलिस विभाग के इस सहयोग से वनांचल क्षेत्र में एक सकारात्मक वातावरण का निर्माण हुआ है, जो नई पीढ़ी को खेल और शिक्षा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रहा है। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक नक्सल ऑपरेशन सतीश धुर्वे, संजय धुर्वे, तथा रक्षित निरीक्षक माहेश्वर सिंह के मार्गदर्शन में ग्राम खेल समिति के माध्यम से वनांचल क्षेत्र में खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस पहल से क्षेत्र के बच्चों को अपनी प्रतिभा को निखारने और नई ऊंचाइयों तक पहुंचने का अवसर प्राप्त हो रहा है।

### पुलिस में भर्ती व अग्निवीर का सपना देखने वाले स्टेडियम में करते हैं कड़ी मेहनत



**कवर्धा,11 नवंबर।** वर्तमान ओर इतिहास के पन्नों पर नजर डाले तो कबीरधाम जिला युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है । जिला कबीरधाम में स्टेडियम कवर्धा में प्रतिदिन हजारों युवा युवतियां पुलिस और अग्निवीर ओर आर्मी ओर एस एस सी में सलेक्शन का सपना पूरा करने की चाहत में प्रतिदिन सुबह शाम 100 मीटर , 800 मीटर , 1600 मीटर रनिंग करते है और ऊंची ओर लंबी कूद और गोला फेक , बीम प्रेक्टिस पुलिस विभाग में पदस्थ श्रीमती नंदिनी ओग्रे, रीना शर्मा, विक्की चंद्रवंशी, दशरथ साहू, तुलसी चंद्रवंशी ,, प्रदीप श्रीवास के द्वारा प्रशिक्षण दिया जाता है । खास बात है की ग्रामीण और शहरी अंचलों से गरीब परिवार के ज्यादा लोग आते है । वर्तमान में देखा गया है की सब इंस्पेक्टर भर्ती में कबीरधाम जिले के कवर्धा स्टेडियम में तैयारी करने वाले युवक यूवतियों का सलेक्शन हुआ है । जिससे आज के युवाओं को प्रेरणा मिल रही है की हार्ड मेहनत और अच्छे कोच के मार्गदर्शन ओर प्रशिक्षण से सफलता अवश्य मिलती है। डिप्टी सीएम विजय शर्मा के क्षेत्र कबीरधाम जिले में कई युवाओं ने कंपीटीशन एग्जाम में सफलता प्राप्त की है और छत्तीसगढ़ राज्य में कबीरधाम जिला युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है ।

### 24 कुण्डीय शक्ति संवर्धन गायत्री महायज्ञ के लिए गांव-गांव में कलश स्थापना



**उतई, 11 नवंबर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानियो के ग्राम सेलूद में 2 जनवरी से 5 जनवरी तक होने वाले 24 कुण्डली महायज्ञ, शक्ति सवंर्धन एवं विराट महिला सम्मेलन हेतु प्रचार प्रसार गांव गांव में किया जा रहा है द्य पाटन क्षेत्र के 51 गांव में कलश स्थापना किया जा चुका है द्य सभी गांव में जाकर समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ आमालोरी अशोक सिंह राजपूत, संयोजक खेमलाल साहू, सह संयोजक अजय सिंग ठाकुर, संजय यदु के द्वारा ग्राम पतोरा के रावण भांटा दुर्गा मंच पर हरीश चंद्र सोनकातर(समन्वयक गायत्री प्रज्ञा पीठ पतोरा) के मार्गदर्शन में दीप प्रज्वलित कर घर घर मे कलश स्थापना की शुरुआत की गई एवम कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी प्रदान किया गया। उक्त अवसर पर सरपंच अंजीता साहू, कल्याण साहू, देवचरण साहू, हृदय सोनकातर, पूसउ साहू, दुलारी साहू, तुलस्वरी साहू, पुन्नी साहू, भुनेस्वरी, नोमन्त, त्रिवेणी, सरस्वती, वीणा साहू, उषा साहू सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कवर्धा में सायकल चलाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**कवर्धा, 11 नवंबर।** सुबह सुबह पी डी जांगड़े और शनि चंद्रवंशी सायकल नियमित चलाते हुए देखे जाते है ।

उन्होंने बताया की शारीरिक लाभ और पर्यावरण संरक्षण उद्देश्य है इस कारण सायकल चालते है ।

## अपनी कला-संस्कृति व परंपराओं को सहेजकर रखने का प्रयास करना चाहिए:भूपेश बघेल



**भिलाई, 11 नवंबर।** दीपावली के अवसर पर पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के मार्गदर्शन एवं आर्दश मित्र मंडल समस्त ग्रामवासी के सहयोग से सुआ महोत्सव का आयोजन रविवार को ग्राम पीपरछेड़ी में सम्पन्न हुआ। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने इस आयोजन के लिए समिति को बधाई दी 7 आगे कहा है कि पहले छत्तीसगढ़ की पहचान नक्सली गतिविधियों से होती थी लेकिन पूर्व में हमारी सरकार ने राज्य की गौरवशाली परंपरा और पुरखों के सपनों को पूरा करने का काम शुरू किया था जिससे एक नई पहचान बनी, लेकिन आज़ राज्य में हर वर्ग के लोग भाजपा सरकार से परेशान है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यह भी आरोप लगाया कि जो लोकहितकारी योजनाएं चल रही थी उन्हें भी भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है। सिर्फ महतारी वंदन योजना चल रही है। उसमें भी नव विवाहिता जो हैं उनके लिए पोर्टल नहीं खोला गया है। जो छूट गए हैं उन्हें नहीं जोड़ा जा रहा है। वृद्धा पेंशन में कटौती कर दी है। गौधन न्याय योजना बंद, राजीव युवा मितान क्लब योजना बंद, राजीव गांधी किसान न्याय योजना बंद, भूमिहीन श्रमिक न्याय योजना बंद, बिजली बिल हाफ योजना बंद, बेरोजगारी योजना बंद सारी योजना बंद कर दी गई है। ताम्रध्वज साहू ने भी उत्साही प्रतिभागियों के उत्साहवर्धन में कोई कमी नहीं की। स्वयं भी इस आयोजन में 2 घंटे से अधिक समय रहकर सुआ नृत्य का आनंद लिया। आयोजित सुआ नृत्य महोत्सव को लेकर उन्होंने कहा कि दीपावली उत्सव पर छत्तीसगढ़ में पारंपरिक रूप से सुआ नृत्य किया जाता रहा है. और कई जगहों पर छोटे-छोटे आयोजन होते रहते हैं उसी को वृहद स्वरूप देकर यह आयोजन पिछले साल से किया जा रहा है जिसमें दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र सहित अन्य जिलों के प्रतिभागी शामिल हुए हैं ऐसे कार्यक्रम हमारे कला और संस्कृति के संरक्षण में एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी और साथ ही युवा पीढ़ी को संगठित करने का कार्य करेगी। प्रतियोगिता में गायन पक्ष में प्रथम पुरस्कार , सुवा सखी सुवा नृत्य नेवई बस्ती दुर्ग,द्वितीय पुरस्कार गौरी गौरा सुवा दल सिलघट जिला बेमेतरा,तृतीय पुरस्कार जय बुढ़ा देव सुवा दल नंदखट्टी, चतुर्थ पुरुस्कार पिंजरा के सुवा दल कुशमुंडा जिला बलौदाबाजार एवं पंचम पुरुस्कार जय बुढ़ा देव सुवा दल जंजगिरी दुर्ग की टीम विजेता रही । प्रतियोगिता में रिकाडिंग सुवा डांस में प्रथम पुरुस्कार मोर सुवा डांस ग्रुप मरोदा, द्वितीय स्थान नगर पंचायत उतई, तृतीय पुरुस्कार मोर पड़की परेवना सुवा डांस ग्रुप कोटनी, चतुर्थ पुरुस्कार जय बजरंग सुवा दल रसमड़ा एवं पंचम पुरुस्कार जय माँ सुवा दल ग्राम मतवारी की टीम बनी विजेता 7 आयोजन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, रिसाली महापौर शशि सिन्हा, जनपद उपाध्यक्ष झमित गायकवाड, केश शिल्प बोर्ड के अध्यक्ष नंद कुमार सेन, श्रम कल्याण मंडल के उपाध्यक्ष केशव बंटी हरमुख, जिला पंचायत कृषि सभापति योगिता चंद्राकर,वन समिति सभापति लक्ष्मी साहू, पार्षद सीमा साहू, सहकारिता कांग्रेस अध्यक्ष रिवेन्द्र यादव,सरपँच संघ अध्यक्ष मुकुंद पारकर, जनपद सदस्य भुनेश्वरी ठाकुर, हरेंद्र देव, नोहर साहू, रुपेश देशमुख,बुध्वंतीन मधुकर, कृष्ण मूर्ति यादव, अजय वैष्णव, लेखन साहू, सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख, दीपिका चंद्राकर, योगिता बंजारे,प्रीति वैष्णव, विक्की मिश्रा, मनीष वैष्णव, रिझन ठाकुर, सरपंच बालकिशन ठाकुर , परमिला साहू, मनोज साहू, आयोजन समिति के साहिल निषाद,छन्नू ठाकुर, राजा निषाद, अजय ठाकुर सहित आसपास ग्राम के क्षेत्र के जनपद सदस्य, सरपँच गण बड़ी संख्या में ग्रामवासी व विधानसभा क्षेत्र के अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता व जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। निर्णायक की भूमिका में रमेश्वरी यादव, टिकेश्वरी लाल देशमुख कार्यक्रम का मंच संचालन खिलेंन्द्र यादव ने किया। यह जानकारी आयोजन समिति के सहयोजक राजेन्द्र साहू ने दी।

### सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ ने धूमधाम से मनाया अक्षय नवमीं पर्व



भिलाई, 11 नवंबर। सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ भिलाई दुर्ग द्वारा 10 नवंबर रविवार को प्रकृति पूजन आंवला नवमी अक्षय नवमी का त्यौहार बड़ी धूमधाम के साथ सेक्टर 2 सड़क 18 में महिला प्रकोष्ठ प्रभारी श्रीमती शशि प्रभा मिश्रा के निवास स्थान पर मनाया गया। सभी महिलाओं द्वारा विधि पूर्वक आंवला वृक्ष का पूजन किया गया और समस्त व्यंजनों का भोग लगाया गया और भजन गीत गाकर भगवान विष्णु के आराधना एवं प्रकृति के प्रति सम्मान और समर्पण का प्रतीक अक्षय नवमी का त्यौहार मनाया। इस दौरान सरयूपारीण ब्राह्मण समाज महिला प्रकोष्ठ की समस्त सदस्य उपस्थित थे। जैसी की मान्यता है इस दिन आंवला वृक्ष के नीचे बैठ कर भोजन करने से सभी रोगों का नाश होता है। समाज की बहनों ने एक साथ भोजन किया और प्रभु की वंदना की। इस अवसर पर समाज की अध्यक्ष प्रीति राहुल दुबे, प्रभारी शशि प्रभा मिश्रा, महासचिव विमला मिश्रा, रीता शर्मा उपाध्यक्ष लालिमा तिवारी उपाध्यक्ष, सह सचिव अनु पांडे, अंजू पांडे कोषाध्यक्ष कनक मिश्रा उपाध्यक्ष, तनु मिश्रा, पूनम उपाध्याय सहित सरयुपारीण ब्राह्मण समाज भिलाई दुर्ग महानगर की समस्त सदस्यगण उपस्थित थे।

### डीएवी इस्पात पब्लिक स्कूल में खेलकूद एवं प्रदर्शनी का आयोजन

**भिलाई, 11 नवंबर।** डी.ए.वी इस्पात पब्लिक स्कूल सेक्टर 2 में खेलकूद एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़ चढ़कर उत्साह पूर्वक भागीदारी दी। इस मौके पर कला एकीकृत गतिविधि के अंतर्गत छत्तीसगढ़ एवं केरल राज्य की संस्कृति एवं रीति रिवाज को बच्चों ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शानदार रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रदर्शनी में कक्षा एक से कक्षा बारहवीं तक के विद्यार्थियों ने केरल एवं छत्तीसगढ़ राज्य के खान-पान खेलकूद रंगोली उन राज्यों के प्रसिद्ध वस्तु प्रदर्शित करते हुए अपनी प्रतिभा को साबित किया। बच्चों ने दोनों राज्यों के प्रमुख चीजों का प्रदर्शन कर उनके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।

## एक नजर

### लोक कलाकार चुरामन पटेल का सम्मान



**राजनांदगांव 11 नवंबर।** छत्तीसगढ़ कलाकारों में एक चुरामन पटेल ग्राम धामनसरा में किसान घर जन्म 5 मई 1983 को लिया चुरामन पटेल बचपन से ही वाद्य यंत्र में जुड़ाव को देख दादा जैलाल पटेल को गुरु मान कर वाद्य यंत्र के बारीकी सिखा और पारिवारिक संस्कार में पिता माखन पटेल तड़पा वादक रहा चुरामन पटेल स्कूल जीवन में कविता नाटक वादन के साथ कला यात्रा प्रारम्भ लोक प्रिय छत्तीसगढ़ी जय मां सरस्वती रामधुनी मंडली में बेंजो वादक ढोल तबला के शुरूआत सुरूज नवा अंजोर धामनसरा लोकरंग अर्जुंदा सपना छत्तीसगढ़ धरती के श्रृंगार भोथीपार कला में बेंजो वादक तबला वादक आर्गनवादक काम कर रहा है इस संस्था के माध्यम से शासन के लोक जन कल्याणकारी योजनाओं के प्रचार प्रसार जैसे एड्स मलेरिया प्लस पोलियो कुष्ठ रोगी सारंक्षता राजीव मिशन जल संरक्षण पर्यावरण वृक्षारोपण आदि योजनाएं प्रचार प्रसार जारी है चुरामन पटेल को सम्मान लोककला सम्मान बीएसपी भिलाई भांठापारा महोत्सव राजीव महोत्सव मंदराजी महोत्सव तरपोंगी महोत्सव क्षेत्रीय सरस मेला राजनांदगांव गीत नाटक प्रभाग भोपाल प्रगति मैदान दिल्ली सहित सम्मान के साथ छत्तीसगढ़ उड़ीसा मध्यप्रदेश महाराष्ट्र बिहार अन्य प्रदेशों में 5000 हजार अधिक मंचों पर अपने कला प्रदर्शन कर चुके तथा कला यात्रा जारी है।

### चाकू डंडा लेकर मारने दौड़ाने वाले तीन लड़कों के खिलाफ कार्रवाई



**राजनांदगांव 11 नवंबर।** दो दिन पहले दिनांक 08.11.2024 की रात्रि में तीन लडके द्वारा प्रार्थी संतोष तांडी को चाकू डंडा लेकर दौडाने का सोशल मीडिया मे विडियो वायरल हुआ था। जिस पर आज दिनांक 10.11.2024 को प्रार्थी संतोषी तांडी पिता बुढु तांडी उम्र 28 साल निवासी टांकापारा वार्ड नं0 14 राजनांदगांव को थाना तलब अंकुर युवराडे, सूरज ठाकुर एवं एक अन्य के खिलाफ अपराध क्रमांक 697/24 धारा 296, 115, 351 (2), 3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना मे लिया गया। कायमी से वरिष्ठ अधिकारियो को अवगत कराया गया। श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व मे आरोपियो के पतासाजी हेतु टीम गठित कर आरोपी 1. सूरज ठाकुर पिता रूपसिंह ठाकुर उम्र 35 साल निवासी डोंगाघाट थाना अं0 चौकी जिला एमएमसी छ0ग0 2. संजू मंडावी पिता श्यामसाय उम्र 27 साल निवासी बैगापार लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 एवं एक विधि से संघर्षरत बालक को 06 घंटे के भीतर घेराबंदी कर पकडे पूछताछ पर अपराध घटित करना स्वीकार किये, आरोपियो के कब्जे से एक डंडा एवं एक लोहे का धारदार चाकू जप्त कर प्रकरण मे धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट समाहित कर आरोपियो को आज दिनांक 10.11.2024 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड मे भेजा गया। माननीय न्यायालय से जेल वारंट प्राप्त होने से जिला जेल राजनांदगांव एवं बाल संप्रेक्षण गृह राजनंदगांव दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, प्र0आर0 जी0 सिरिल, शंभूनाथ द्विवेदी आरक्षक प्रदीप जायसवाल, कमलेश बंजारे एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

### स्वीकृत आवासों का किया गया निरीक्षण



**राजनांदगांव 11 नवंबर।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोटरासरार, जंगलपुर, रामपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने अप्रारंभ एवं निर्माणाधीन आवास हितग्राहियों को सामूहिक रूप से सामग्री खरीदने, ग्राम पंचायत में मेसन की उपलब्धता एवं मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने आवास निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रारंभ आवास निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ करने एवं जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक एवं संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य में तत्काल प्रगति लाने निर्देश दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, आवास नोडल तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थे।

### खनिज विभाग की टीम की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी

**रायपुर, 11 नवंबर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में रायपुर जिले में गौण खनिजों के उत्खनन एवं अवैध परिवहन के मामले में कार्रवाई का सिलसिला लगातार जारी है। उप संचालक खनिज श्री के.के. गोलघाटे के निर्देशन में खनिज अधिकारियों की टीम अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर अवैध उत्खनन एवं परिहवन में संलिप्त लोगों के विरूद्ध कार्रवाई कर रही है। खनिज विभाग के सुपरवाइजर सुनीलदत्त शर्मा एवं उनकी टीम ने बीते दिनों आरंग इलाके के ग्राम गुदगुदा में रेत अवैध खनन में संलिप्त पनडुब्बी नुमा मशीन, एक चेन माउन्टेन और एक हाईवा को मौके से जप्त कर थाना आरंग के सुपुर्द करने की कार्रवाई की। इससे पूर्व इस टीम ने रेत के अवैध परिवहन कर रहे तीन टैक्टर एवं एक हाईवा को आरंग के समीप ग्राम कुरूद से जब्त कर थाना गिद्धपुरी को सुपुर्द किया।

# हर घर जल से बदल रही गांवों की तस्वीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 11 नवंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित जल जीवन मिशन ने न केवल गांव के लोगों को पानी के स्रोत से जोड़ा है, बल्कि स्वास्थ्य और स्वच्छता के स्तर को भी सुधारा है। ग्रामीण अब शुद्ध पानी का सेवन कर रहे हैं, जिससे जलजनित बीमारियों में भी कमी आई है। इसके अलावा, बच्चों और महिलाओं को अब पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ती। वह समय का उपयोग अन्य कार्यों में करने लगे हैं। यह मिशन केवल पानी की उपलब्धता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह संपूर्ण ग्रामीण समाज के विकास का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन गया है। जल जीवन मिशन के माध्यम से बेमेतरा जिले के ग्राम पंचायत मोहतरा (ख) में सफलता की एक प्रेरणादायक कहानी लिखी गई है, जहां हर घर जल का सपना अब हकीकत बन गया है। हाल ही में इस गांव में 'हर घर जल उत्सव' का आयोजन हुआ। यह उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं था, बल्कि उन सभी ग्रामीणों के लिए गर्व का क्षण था, जिन्होंने जल जीवन मिशन के इस महत्वपूर्ण अभियान का हिस्सा बनकर अपने गांव में एक नया अध्याय लिखा। गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 260 घरों में नल कनेक्शन दिए गए हैं, जिससे अब हर घर में शुद्ध पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है। इस काम को अंजाम देने के लिए 3305 मीटर की पाइप लाइन बिछाई गई है, जो गांव के हर कोने तक पानी पहुंचाने का काम करती है। इसके साथ ही, गांव में एक पानी की टंकी का निर्माण भी किया गया है जो जल आपूर्ति का प्रमुख स्रोत है। यह टंकी न केवल गांव के सभी घरों में पानी पहुंचाती है बल्कि यह जल संग्रहण का भी एक बड़ा साधन है, जिससे जल संरक्षण को भी बढ़ावा मिलता है।गांव की महिलाएं, विशेष रूप से श्रीमति धन्ना बाई मानिकपुरी और श्रीमति पुष्पा साहू, अत्यंत प्रसन्न हैं। पहले उन्हें पानी के लिए गांव के कुओं या हैंडपंपों पर निर्भर रहना पड़ता था, जिससे उन्हें न केवल मेहनत करनी पड़ती थी बल्कि अधिक समय भी खर्च करना पड़ता था। घर के अन्य कामकाज में उनकी यह व्यस्तता एक बड़ी चुनौती थी। लेकिन अब, जब उनके घर के आंगन में ही नल से पानी उपलब्ध है, तो यह उनके जीवन में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आया है। अब उन्हें पानी भरने के लिए समय और ऊर्जा की चिंता नहीं करनी पड़ती। उन्होंने इसके लिए सरकार को धन्यवाद दिया । ग्राम पंचायत मोहतरा (ख) का यह कदम अन्य गांवों के लिए भी एक उदाहरण है। जल जीवन मिशन की यह सफलता बताती है कि जब सामूहिक प्रयास और सरकार की योजनाओं का समन्वय होता है, तो किसी भी समस्या का हल संभव है। इस गांव के लोगों ने दिखा दिया कि छोटी-छोटी मुश्किलों को पार करके एक बड़े लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। हर घर जल उत्सव के आयोजन के साथ ही यह संदेश भी दिया गया।

# लूट के आरोपी चढ़े सोमनी पुलिस के हत्थे

## पीड़ित को डरा धमकाकर मोबाइल छीनकर फोन पे से किये थे 1 लाख की लूट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 नवंबर।** प्रकरण सदर में प्रार्थी रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 15.09.2024 को प्रार्थी जब अपनी ड्यूटी करके अपनी पत्नी को लेने टेडेसरा जा रहा था कि अंजोरा बाइपास के पास एक मो0सा0 से 02 व्यक्ति प्रार्थी का पीछा करते हुए ग्राम टेडेसरा के पहले प्रार्थी को रोककर , डराने धमकाने लगे और प्रार्थी का मोबाईल छीन कर अपने एक और साथी को बुलाकर कर प्रार्थी को अपने मो0सा0 में बैठाकर ग्राम टेडेसरा भटठी की ओर खाली जगह में ले जाकर जान से मारने की धमकी देकर हाथ झापड से मारपीट कर प्रार्थी से उसका फोन पे का पासवर्ड पूछकर कर किसी व्यक्ति से क्यूआर कोड मंगवाया और प्रार्थी के फोन से एक लाख रूपये ट्रांसफर कर लिया है प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना सेमनी में अपराध क्रमांक 223/2024 धारा 309(4), 3(5) बीएनएस दर्ज कर विवेचना में लिया गया, मामला लूट से संबंधित गंभीर अपराध का होने से प्रकरण की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को मोबाईल फोन के माध्यम् से दिया गया बाद श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय श्री मोहित गर्ग के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहूल देव शर्मा व नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक के मार्गदर्शन में आरोपी पता तलाश हेतु थाना सोमनी पुलिस की टीम गठित कर विवेचना दौरान प्रार्थी से पूछताछ कर बताए गए बयान के आधार पर सायबर सेल राजनांदगांव के तकनीकी सहयोग से आरोपीगण 01. सूरज कुमार वर्मा पिता स्व0 तेजलाल वर्मा उम्र 26 साल निवासी ग्राम कुरूभाठा थाना डोंगरगढजिला राजनांदगांव छ0ग0, 02. राजेश गोड पिता खन्ना गोड उम्र 21 साल निवासी ग्राम टेडेसरा शांतिचौक के पीछे थाना सोमनी जिला राजनांदगांव छ0ग0, 03. तारकेश्वर सिंह पिता रमेश कुमार उम्र 34 साल निवासी ग्राम तिलई पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 को हिरासत में लेकर पुछताछ करने पर बताए की दिनांक 15.09.2024 को अंजोरा दुर्ग मोड के पास एक व्यक्ति जो मो0सा0 से राजनांदगांव की ओर जा रहा था उसे रूकवाए व उसे अपने मो0सा0 में बैठाकर ग्राम टेडेसरा भटठी रोड में सूनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ मारपीट कर उसका मोबाईल छीनकर डरा धमका कर उसका फोन पे का पासवर्ड पूछकर कर उसके फोन पे को चेक करने पर उसमें 2 लाख रूपये से ज्यादा पैसा था।

# छुरिया का सेल्समेन खाद्यान वितरण समय में नहीं कर रहा, उपभोक्ता त्रस्त

■ सेल्समेन के अड़ियल रवैया से शासन प्रशासन का हो रहा है फजीहत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**छुरिया 11 नवंबर।** नगरी निकाय व ग्राम पंचायतों मे महिने के पहले सप्ताह से राशन वितरण होना शुरु हो जाता हैं लेकिन छुरिया नगर पंचायत का सेल्समेन अपने मर्जी से चावल वितरण करता है। समाचार पत्रों में इस बात की खबर छपने के बाद कुछ दिन तक राशन वितरण सुचारू रूप से किया गया उसके बाद फिर वही ढर्रा देखने को मिल रहा है ।महीने का ऐसा कोई दिन नहीं है जो समय मे वितरण चालू हुआ हो, हमेशा सेल्समैन अपने मन मर्जी से राशन का वितरण शुरु करता है, जिससे भीड़ बड़ जाता हैं, कड़ी धूप में भरी दोपहरी में लोगों को लाइन में लगवा कर मशीन खराब हो गया है । बहाना बताकर राशन वितरण बंद कर दिया जाता हैं ।शासन के मंसा को ठेस पहुंचा कर अपने हिसाब से खाद्यान्न का वितरण करता है । सेल्समैन के कारण कार्डधारियों में आए दिन तू तू मै मय होता हैं , कई बार राशन के कारण तना तनी व मारपीट की स्थिति बन जाता हैं। छुरिया में लगभग 1200 से 1300 कार्ड धारी है और बताया जाता है सेल्समेन लाममेटा व छुरिया दो जगह का वितरण प्रणाली का दुकान संभलता है। जिसके कारण भी आज यह सब स्थिति निर्मित होती है छुरिया नगर पंचायत को चाहिए कि यहां दो दुकान खाद वितरण का करना चाहिए ।जिससे सुचारू रूप से एवम् निर्विवाद खद्यान वितरण हो सके। वहीं समय में राशन दुकान नहीं खुलता, यह भी बहुत बड़ी वजह है कई बार गरीब परिवार को समय में राशन नहीं मिलने से किराना दुकान में महंगी दाम में चावल खरीदकर अपने बच्चों का पेट भरता है । समय और व्यवस्था में सुधार की अत्यंत जरूरत है। यहां की जनप्रतिनिधि जनहित के मुद्दों पर ध्यान नहीं देते हैं ,जहां फायदा दिखता है वही ध्यान देते हैं विडंबना है नगर पंचायत छुरिया की।

### बच्चों को पॉस्को एक्ट, गुड - टच ,बैड - टच एवं साइबर सुरक्षा की जानकारी दी गई

**डोंगरगांव 11 नवंबर।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पांगरी खुर्द के आश्रित ग्राम पथरी के प्राथमिक शाला में दिनांक 9 नवम्बर 2024 को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे अविनाश तिवारी विशेष सत्र न्यायाधीश महोदय राजनांदगांव एवं महेंद्र सिंह ठाकुर असि. लीगल एड डिफेंस काउंसिल राजनांदगांव उपस्थित थे ।इस विधिक साक्षरता शिविर में अविनाश तिवारी न्यायाधीश पॉस्को कोर्ट के द्वारा बच्चों तथा ग्राम वासियों को संविधान की महत्ता तथा लोगों को उनके अधिकार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया गया साथ ही पॉस्को एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों पर ग्राम वासियों एवं बच्चों के सवालों के जवाब दिए तथा उन्हें उपभोक्ता संबंधित मामलों के संबंध में जागरूक करने हेतु विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जानकारियां प्रदान की गई । उक्त शिविर में महेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा बच्चों तथा उनके पालकों व शिक्षकों को पॉस्को एक्ट के सम्बन्ध में गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई , तथा ऐसा होने पर क्या करे इसके सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई । विधिक सेवा दिवस के इस अवसर पर श्री ठाकुर के द्वारा लोगो को नि:शुल्क विधिक सहायता संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया ।इस कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमति अंजली धावड़े सरपंच , कौशल वर्मा, रतन देवांगन , गुहाराम देवांगन, टाकेश्वर देवांगन, महेश्वर साहू, पोषण निषाद, दिलीप नेताम, सुरेश रामटेके , तुलसी राम ,पूर्णिमा वर्मा ,अंजना देवी, निर्मला बंजारे अशोक देवांगन ,रामगुलाल धावड़े , अधिवक्ता सहायक गिरीश साहू भी उपस्थित थे।

# लोधेश्वरधाम में होगा भगवान लोधेश्वर मंदिर का भूमिपूजन

■ राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे दीपावली मिलन समारोह, वार्षिक सम्मेलन, युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं स्मारिका विमोचन समारोह के मुख्य अतिथि



**रायपुर 11 नवंबर।** लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा रायपुर छत्तीसगढ के तत्वावधान में दीपावली मिलन समारोह, युवक युवती परिचय सम्मेलन, वार्षिक सम्मेलन एवम स्मारिका विमोचन समारोह लोधेशवरधाम मे आयोजित किया गया है। यह सभी कार्यक्रम रविवार दिनांक 24 नवंबर, 2024 को अखिल भारतीय लोधी लोधा लोध राष्ट्रीय महासभा नई दिल्ली भारत के नेतृत्व में संपन्न होगा। इस अवसर पर अंचल के अलावा महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, झारखंड, विदर्भ, राजस्थान, दिल्ली,उत्तर प्रदेश, तेलगांना गोवा एवम हरियाणा आदि राज्यों से अधिक संख्या में शामिल होंगे। इस अवसर पर विगत 24 वर्षो से प्रकाशित रायपुर छत्तीसगढ ही नहीं अपितु हिन्दुस्तान के प्रथम नियमित प्रकाशित स्मारिका का विमोचन भी होगा। सभी स्वजातीय बंधूओं और देश के सामाजिक संगठनों से आग्रह है कि स्मारिका 2024-25 के प्रकाशन के लिए अपना स्वलिखित आलेख एवम विवाह योग्य युवक - युवती का बायोडाटा भेजने का आग्रह है। रंगीन बायोडाटा एवम पासपोर्ट साईज फोटोग्राफ, जिसने साफ-सुथरा टाईप किया हुआ भेजिए। सेल्फी फोटो या मोबाइल से ली गई फोटो ना भेजे। पासपोर्ट बनाने में जो फोटोग्राफ देना होता है या स्टूडियो से खींची या क्ष्क्ष्स्र फार्मेट में मेल या वाटसप किया जा सकता है। ताकि स्मारिका में छपाई ठीक से किया जा सके। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष का कार्यक्रम लोधेशवरधाम में होगा , जिसमें अखिल भारतीय लोधी-लोधा-लोध राष्ट्रीय महासभा नई दिल्ली के पदाधिकारीगण के अलावा विवाह योग्य युवक - युवती अधिक संख्या में शामिल होंगे। स्मारिका में प्रकाशन हेतु अमर शहीद वीरांगना महारानी अवंती बाई लोधी की जीवनी, परम पूज्य स्वामी ब्रम्हानंद लोधी जी के अलावा लोधी समाज अन्य महान विभूतियो की जीवनी भी प्रकाशित की जायेगी। समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओ एवम व्यक्ति, महिलाओं द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यो को भी विशेष स्थान दिया जाना है। गौरतलब है कि दीपावली के पावन पर्व पर एवम नव वर्ष के शुभ अवसर पर आप समाज, देश- प्रदेश की जनता को बधाई एवम शुभकामनाए अवश्य देना चाहेंगे।

# राज्यस्तरीय जूनियर हैंडबॉल बालिका प्रतियोगिता का आयोजन

**राजनांदगांव 11 नवंबर।** आज दिनांक 10-11-2024 रविवार अजीज पब्लिक स्कूल इन्दमारा राजनांदगांव में 46वी राज्यस्तरीय जूनियर हैंडबॉल प्रतियोगिता 19 वर्ष बालिका का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 12 टीमों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में राजनांदगांव की टीम का दबदबा कायम रहा और राजनांदगांव की टीम विजय रही वहीं दूसरे स्थान में भी राजनांदगांव हैंडबॉल क्लब की टीम ने अपना स्थान बनाया। वहीं तीसरे स्थान में बिलासपुर की टीम रही। प्रतियोगिता के आयोजक अजीज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य ने बताया कि या प्रतियोगिता अजीज पब्लिक स्कूल में आयोजित की गई थी जिसमें खिलाड़ियों में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और एक शानदार आयोजन का लिफ्ट खिलाड़ियों ने उठाया। प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि के रूप में अजीज पब्लिक स्कूल के प्राचार्य श्री सचिन पल सिंह ठाकुर छत्तीसगढ़ हैंडबॉल संघ के सचिव श्री प्रिंस मिश्रा अध्यक्ष श्री अशीष पांडे सह सचिव हसन रजा साथ ही शाहरुख खान शामिल हुए। अतिथियो ने स्थान प्राप्त खिलाड़ियों को पुरस्कार दिया और उनके अच्छे खेल के लिए उनको बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाडी तमिनाडु में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने और अपना प्रदर्शन करने छत्तीसगढ़ की टीम का हिस्सा बनेंगे। राजनांदगांव टीम के कोच रजा कुरैशी, राजाराम, कृष्णा तिवारी, कुणाल यादव के नेतृत्व में राजनांदगांव की टीम का गठन किया गया था जिससे आज राजनांदगांव हैंडबॉल की ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।



■ जलशोधन प्रक्रिया की ली जानकारी

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने निगम सीमा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मोहारा जल संयंत्र गृह का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 11 नवम्बर।** लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आये अखिल भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी 7 दिवसीय जिले के भ्रमण के लिये आज जिला मुख्यालय राजनांदगांव पहुॅचे। प्रशिक्षु अधिकारियों का जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। प्रशिक्षु अधिकारी भ्रमण के प्रथम दिन निगम सीमाक्षेत्र भ्रमण के दौरान मोहारा स्थित जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर जलशोधन प्रक्रिया की जानकारी लिये। प्रशिक्षु अधिकारियों को आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम के तकनीकि अधिकारियों ने जल संयंत्रगृह का निरीक्षण करा जानकारी दिये।

लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आये भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी राजनांदगांव जिले के विकास कार्यो का अवलोकन एवं जानकारी लेने 7 दिवसीय भ्रमण के लिये आज राजनांदगांव जिला मुख्यालय पहुॅचे और प्रशिक्षु अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार, श्री अंकुश बीका, सुश्री अदिति चैधरी, श्री अभिषेक अभय ओजार्डे, श्री अनुराग चोपड़ा, सुश्री प्रिया अग्रवाल, सुश्री ऐश्वर्या नेली श्यामला, श्री प्रखर कुमार एवं श्री आनंद शर्मा ने जल संयंत्रगृह मोहारा का निरीक्षण कर निगम के अधिकारियों से चर्चा कर जलशोधन की प्रक्रिया देख विभिन्न विषयों पर जानकारी ली।

जलशोधन प्रक्रिया के संबंध में जल प्रभारी अधिकारी ने विस्तार से जलशोधन की जानकारी देते हुये बताया कि मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से इंटकवेल के माध्यम से जलशोधन हेतु रॉ वाटर लेकर प्रतिदिन 54 मीलियन लीटर पानी क्रमशः 27 एमएलडी, 10 एमएलडी पुराने प्लांट तथा अमृत मिशन द्वारा वर्तमान में निर्मित 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जाती है। इसके पश्चात फिटकरी व क्लोरिंन डाल कर पानी को किटाणु रहित किया जाता है। उन्होंने बताया की पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थो को अलग करने के लिये किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 14 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है।

प्रशिक्षु अधिकारियों ने जलशोधन की प्रक्रिया देखने के पश्चात फिल्टर प्लांट के लेब का निरीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के टेस्ट को देख पानी की सप्लाई उचित मानक में है या नहीं की जॉच कर जानकारी लिये। उन्होंने प्रक्रिया देखने के पश्चात प्रसन्नता व्यक्त कर कहा कि बहुत कठिन प्रक्रिया से गुजरकर लोगों को शुद्ध पानी पिलाया जाता है। इस अवसर पर नगर निगम के उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, श्री अनिमेष चंद्राकर, श्री तिलक राज ध्रुव, श्री युवराज कोमरे सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## समाचार संक्षेप

### गौरी नगर अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान पाइप लाइन शिफ्टिंग कार्य का आयुक्त ने किया निरीक्षण



**राजनांदगांव 10 नवम्बर।** रेल्वे के द्वारा गौरी नगर क्रासिंग के पास सुचारू आवागम के लिये अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान क्रासिंग के पास पाईप लाईन आने पर नगर निगम द्वारा पाईप लाईन सिप्टिंग का काम किया गया। रेल्वे क्रांसिंग में आने वाले पाईप लाईन सिप्टिंग कार्य का निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके के साथ निरीक्षण किया। पाईप लाईन सिप्टिंग में पानी सप्लाई में थोडी परेशानी आई, पर जल्द सिप्ट कर रेगुलर पानी सप्लाई चालू हुई। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आवागमन में सुविधा के लिये रेल्वे द्वारा अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान पाईप लाईन सिप्टिंग की आवश्यकता हुई, जिसे जल्द किया गया, ताकि गौरीनगर वासियों को पर्याप्त पेयजल मिल सके। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से कहा कि चिखली अंडर ब्रिज निर्माण में भी आने वाले पाईप लाईन की जॉच कर व्यवस्थित करे, जिससे स्टेशन पारा क्षेत्र में भी पानी की समस्या न हो।

### कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र आरएडब्ल्यूई विद्यार्थियों ने किया अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन



**राजनांदगांव 11 नवंबर।** ग्राम धामनसरा मे पंडित शिव कुमार शास्त्री कृषि विश्वविद्याला एवं अनुसन्धान केन्द्र राजनांदगांव के आरएडब्ल्यूई के छात्रों द्वारा अधिष्ठिता महोदया डॉ. जयालक्ष्मी गाँगुली के मार्गदर्शन मे ग्राम धामनसरा में अजोला उत्पादन तकनीक का प्रदर्शन कर उसके उपयोग तथा लाभ से अवगत कराया गया। इस उत्पादन प्रदर्शन के दौरान ग्राम धामनसरा के सरपंच श्री लोकेश गंगवीर तथा मुख्य किसान योगेंद्र वैष्णव तथा अन्य किसान शामिल हुए अजोला खेती के बारे में छात्र छात्राओं ने जानकारी दिया अजोला एक पौष्टिक चारा है इसमें प्रोटीन विटामिन खनिज लवण और एमीनो एसिड जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं अजोला खिलाने से पशुओं के दूध में वसा और वसा रहित प्रदार्थ बढ़ता है अजोला खिलाने से पशुओं का शारीरिक विकास अच्छा होता है और पशुओं में बांझपन की समस्या दूर होती है तथा पेशाब में खुन आने के समस्या दूर होती है अजोला की खेती करके किसान कम लागत अधिक बचत कर सकते हैं अजोला का इस्तेमाल जैव उर्वरक के रूप में किया जा सकता है अजोला की खेती से धान की फसल पैदावार में बढ़ोतरी होती है अजोला के कारण धान के खेत में खरपतवार नहीं उगते अजोला की खेती से धान के खेत में सिंचाई के दौरान वाष्पीकरण की दर कम होती है अजोला मच्छरों के प्रजनन को रोकता है इसे मच्छर फर्न भी कहा जाता है अजोला उत्पादन के लिए तकनीकों का इस्तेमाल किया जा सकता है 15-20 सेंटीमीटर गहराई का गड्ढा बनाना चाहिए गड्ढे का आकार 4 मीटर लंबा और 1,5 मीटर चौड़ा होना चाहिए गड्ढे में प्लास्टिक शीट बिछाकर आस पास के पेड़ पौधे की जड़ों को गड्ढे में जाने से रोकना चाहिए गड्ढे में 15/15 किलोग्राम छनी हुई मिट्टी डालनी चाहिए इससे बाद 5 किलोग्राम गोबर और अजोफरट या एसएसपी को 10 लीटर पानी में घोलकर डालना चाहिए तब गड्ढे में पानी डालकर पानी का स्तर 8 सेंटीमीटर कर लेना चाहिए इनके बाद 1/2 किलो ग्राम ताजा और रोगमुक्त अजोला का बीज गड्ढे में डालना चाहिए अजोला 10 दिनो में पूरी तरह से बढ़ जाता है 20 दिनों पूर्ण रूप तैयार किया जा सकता है।

### दामाखेड़ा घटना की साहू समाज डोंगरगांव ने की निंदा



**डोंगरगांव 11 नवंबर।** कबीर पंथ के गुरू वंशाचार्य प्रकाशमुनी नाम साहेब के आश्रम दामाखेडा मे कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा की गई अशोभनीय घटना की तहसील साहू संघ डोंगरगांव ने कड़ी निंदा की है तथा दोषियो के उपर सख्त कार्रवाई की मांग किए जाने का प्रस्ताव आज डोंगरगांव मे समाज के तहसील स्तरीय बैठक मे किया गया। नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब के साथ की गई गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार तथा आश्रम मे बलात प्रवेश करने की कोशिश को गंभीर अपराध मानते हुए शासन प्रशासन से ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग की है। तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू की अध्यक्षता मे आयोजित इस बैठक मे जिला साहू संघ के पूर्व महामंत्री व तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, सचिव धनराज साहू, कोषाध्यक्ष रामप्रकाश साहू, सुरेन्द्र साहू, डा प्रेमदास साहू, मूलचंद साहू, सुंदर लाल साहू, दौवा राम साहू, पुरुषोत्तम साहू, हिरदे राम साहू, राधेश्याम साहू, प्यारेलाल साहू, गोवर्धन साहू, सी एल हिरवानी, कौशल कुमार साहू,पूर्णिमा साहू, उमा बाई साहू, आदि सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

संपादकीय

# हम विश्व नागरिक बनेंगे, तो देश ज्ञान की महाशक्ति बनेगा

हर साल नवंबर की 11 तारीख को हम राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के रूप में मनाते हैं। आजाद भारत के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद इसी दिन पैदा हुए थे। उन्होंने नौजवानों में रचनात्मक सोच, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना के विकास पर जोर दिया था। जिस तरह बदलते समय और समाज के साथ हमारी जरूरतें बदलती हैं और बदलती जरूरतों के साथ हमारी समस्याएं भी बदलती हैं, उसी तरह हमारी शिक्षा व्यवस्था में भी बदलाव अनिवार्य है। देश में आजादी के बाद से अब तक तीन प्रमुख शिक्षा नीति लाई जा चुकी हैं- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1968, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 1986 और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020। राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 का दृष्टिकोण एक ऐसी शिक्षा प्रणाली का निर्माण करना है, जो भारत को ज्ञान की महाशक्ति बनाए और एक मजबूत, समावेशी और अभिनव समाज का निर्माण करे। इस नीति का उद्देश्य ऐसे नागरिकों का निर्माण करना है, जो वैश्विक नजरिये के साथ-साथ भारतीय मूल्यों और संस्कृति में भी गहराई से जुड़े हों। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की घोषणा से पहले ही 2015 में संयुक्त राष्ट्र के सदस्य देशों ने मिलकर वैश्विक समस्याओं को ध्यान में रखते हुए 17 नए सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) तैयार किए, जिन्हें 193 सदस्य देशों ने अपनाया था। इन लक्ष्यों का उद्देश्य मानवता और प्रकृति के संतुलित विकास के लिए एक व्यापक योजना तैयार करना था, जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, समानता, पर्यावरण सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक विकास और वैश्विक सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। भारत भी इन लक्ष्यों का एक हस्ताक्षरकर्ता रहा है और यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपनी नीतियों और कार्यों में इन लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से अपनाएं। हालांकि, एक बड़ी चुनौती यह है कि नागरिकों में सतत विकास लक्ष्यों के प्रति जिम्मेदारी का भाव कैसे उत्पन्न किया जाए, क्योंकि दुनिया भर में लोग विभिन्न सीमाओं, जाति, पंथ आदि के आधार पर विभाजित हैं। इस विभाजन के कारण अक्सर लोग एक-दूसरे से अलग-थलग महसूस करते हैं और वैश्विक समस्याओं के प्रति उनकी जिम्मेदारी का एहसास कमजोर हो जाता है। इस समस्या का उपयुक्त समाधान है कि जन समुदाय में वैश्विक नागरिकता का भाव पैदा किया जाए। यह गर्व की बात है कि हमारे देश की सभ्यता का तो मूल मंत्र ही वसुधैव कुटुम्बकम् और सर्वे भवन्तु सुखिनः है। अर्थात, हम लोग आदि-अनादि काल से ही वैश्विक नागरिकता के सिद्धांत का पालन करते आए हैं। वसुधैव कुटुम्बकम् का विचार हमें सिखाता है कि पूरी दुनिया के लोग एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं और उनकी भलाई में ही हमारी भलाई है। यह दृष्टिकोण जाति, धर्म या राष्ट्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर पूरी मानवता को एक परिवार के रूप में देखता है। वहीं, सर्वे भवन्तु सुखिनः का संदेश समानता, शांति और समृद्धि की कामना करता है। यह विचार लोगों को आपसी प्रेम, दया और सहानुभूति से जोड़ता है, जो वैश्विक नागरिकता का मूल है। हमारे उच्च शिक्षण संस्थानों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यूजीसी ने एसडीजी और एनईपी 2020 के अनुरूप ह्यएजुकेशनल फ्रेमवर्क फॉर ग्लोबल सिटीजनशिप इन हायर एजुकेशनह्न तैयार किया है। यह दस्तावेज वैश्विक नागरिकता के दृष्टिकोण, पाठ्यक्रम संरचना, शिक्षा-शास्त्र, सीखने के परिणामों व इसके कार्यान्वयन के तौर-तरीकों पर प्रकाश डालता है। वैश्विक नागरिकता एक सकारात्मक विचार है, पर इसे वास्तविकता में उतारने में कई चुनौतियां आएंगी। इनके समाधान के लिए वैश्विक स्तर पर सहयोग और संवाद की आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 की दृष्टि बहुत व्यापक है, जो हमारे शिक्षार्थियों को वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करने पर जोर देती है, साथ ही उन्हें अपनी जड़ों और जीवन मूल्यों से जुड़े रहने पर भी जोर देती है। राष्ट्रीय शिक्षा दिवस के अवसर पर हमारे शैक्षिक संस्थानों को इसी के अनुरूप भारत को ज्ञान की महाशक्ति के रूप में देखने और खुशहाल विश्व के निर्माण हेतु अपने शिक्षार्थियों को वैश्विक नागरिक के रूप में विकसित करने के लिए संकल्प लेना चाहिए।

समसामयिक

तनवीर जाफरी

# ये अंग्रेज परस्त राजघराने

आजका हमारा स्वाधीन एकीकृत भारत स्वतंत्रता पूर्व लगभग 565 राजघरानों अथवा रियासतों का देश हुआ करता था। इनमें विभिन्न धर्मों व



जातियों के अनेक भारतीय राजा - महाराजा - नवाब आदि अपनी अलग अलग रियासतों में राज किया करते थे। इनमें से कई राजघराने ऐसे थे जिन्होंने अपनी रियासत को मुगलों,आक्रांताओं या अंग्रेजों की मातहती से बचाने के लिये उनसे संघर्ष किया। जबकि अधिकांश रियासतों के प्रमुख ऐसे थे जिन्होंने या तो भयवश या लालच में आकर या फिर मौका परस्ती के चलते या तो अँग्रेजी हुकूमत के आगे घुटने टेक दिए। बताया जाता है कि ईस्ट इण्डिया कंपनी के माध्यम से जब धीरे धीरे अंग्रेजों ने भारत में अपनी घुसपैठ शुरू की उस समय वे अपने साथ लाखों की फौज लेकर नहीं आये। बल्कि उन्होंने अपने सहयोगी के रूप में भारत के ही उन्हीं रियासत प्रमुखों यानी राजा महाराजाओं का इस्तेमाल किया। इसके अलावा चूँकि पराधीन भारत में रोजगार की भी भारी कमी थी इसलिये पुलिस से लेकर सेना तक में अधिकांशतः भारतीयों की ही भर्ती की गयी। इस तरह देश में ब्रिटिश काल में जहाँ भी आजादी के मतवालों या अन्य भारतीय नागरिकों पर जुल्म ढाया जाता था या उन्हें अपमानित किया जाता था या उनकी हत्यायें की जाती थीं अथवा फांसी पर चढ़ाया जाता था तो इसके आदेश भले ही अंग्रेज अधिकारी देता था परन्तु जुल्म व अत्याचार की घटना को अंजाम देने में अंग्रेजों का मातहत भारतीय ही अगुआकार की भूमिका निभाता था। इसी तरह अंग्रेजों के पिट्ठू व उनके रहम-ो-करम पर अपनी रियासत चलने वाले तमाम रजवाड़े भी अंग्रेजों की खुशामद करने व उनके इशारे पर भारतीयों पर जुल्म करने में पेश पेश रहा करते थे।

ठीक इसके विपरीत इन्हीं 565 राजघरानों में कुछ ऐसे राजा -महाराजा भी थे जिन्होंने अपने व देश के स्वाभिमान से समझौता न करते हुये अंग्रेजों के सामने अपने घुटने नहीं टेके। हालांकि ऐसे कुछ राजघरानों को उसकी कीमत भी चुकानी पड़ी। निःसंदेह देश ऐसे बलिदानी राजघरानों के समक्ष आज भी नतमस्तक है तथा उनका नाम इतिहास में सुनहरे अक्षरों में दर्ज है। ऐसी ही एक शहीद वीरांगना का नाम था झाँसी की रानी अथवा रानी लक्ष्मीबाई। रानी लक्ष्मीबाई ने 29 वर्ष की उम्र में 1857 की क्रान्ति में अंग्रेज साम्राज्य की सेना से युद्ध किया और रणभूमि में वीरगति को प्राप्त हुईं। बताया जाता है कि युद्ध के दौरान उनके सिर पर तलवार लगने के कारण वह शहीद हुई। परन्तु आश्चर्य की बात तो यह है कि ब्रिटिश काल में जो राजघराने अंग्रेजों की खुशामद परस्ती में लगे रहते थे उन्हीं में अनेक राजघराने स्वतंत्रता के बाद भी यहाँ तक कि आजाद भारत में राज शाही की व्यवस्था समाप्त हो जाने के बावजूद आजतक न केवल सत्ता के केंद्र में बने रहने में सफल रहे हैं बल्कि काफी हद तक अपना शाही रहन सहन व वैभव बरकरार रखने में भी कामयाब रहे हैं। और इससे भी बड़े आश्चर्य की बात तो यह है कि आज भी ऐसे राजघरानों के अंतर्गत रहने वाली जनता स्वयं को आजाद भारतीय नहीं बल्कि राजा की रियाया समझती है। मैंने स्वयं ऐसे अनेक राजघराने देखे हैं जहाँ के लोग अपने राजा या राजकुमार को देवता तुल्य समझते हैं। रानी लक्ष्मीबाई से जुड़े कई ऐसे किस्से हैं जिनसे पता चलता है कि जब वह अपने मासूम बच्चे को अपनी पीठ पर बाँध कर अंग्रेजों के खिलाफ युद्धरत थीं उसी समय ग्वालियर का सिंधिया राजघराना उन्हीं अंग्रेजों की खुशामद परस्ती में व्यस्त था। कुछ इतिहासकार तो यहाँ तक लिखते हैं कि 1857 के विद्रोह में जहाँ तात्या टोपे व नाना साहब के साथ झांसी की सेना के कई वीर सैनिकों ने अंग्रेजों से लोहा लिया वहीँ उसी दौर के ग्वालियर के महाराजा जयाजीराव सिंधिया पर यह आरोप लगता रहा है कि उन्होंने उस समय रानी लक्ष्मीबाई की बजाय अंग्रेजों का साथ दिया। प्रसिद्ध कवित्री सुभद्रा कुमारी चौहानने झांसी की रानी पर लिखी अमर कविता में लिखा भी था कि - अंग्रेजों के मित्र सिंधिया ने छोड़ी राजधानी थी। बुंदेले हरबोलों के मुंह हमने सुनी कहानी थी।। खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी।₹

सिंधिया परिवार पर अंग्रेजों का पिट्ठू होने का लेबल सिंधिया घराने के कांग्रेस के करीब होने के समय भाजपा के नेता लगाया करते थे जबकि अब ज्योतिरादित्य सिंधिया के भाजपा में शामिल होने पर यही इलजाम कांग्रेस या अन्य भाजपा विरोधी दलों की तरफ से लगाया जा रहा है। हालाँकि ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने परिवार पर अंग्रेजों का पिट्ठू होने के आरोप का खंडन करते रहे हैं। परन्तु सच तो यह है कि बिना आग लगे धुंआ नहीं उठता। गत वर्ष 1857 की क्रांति पर आधारित व इतिहासकार तेजिंदर वालिया द्वारा लिखित व संकलित एक पुस्तक 'अम्बाला की दास्तां 1857 ' की प्रस्तावना लिखने का मौका मिला। उस पुस्तक में उल्लिखित कई दस्तावेजों में चौंकाने वाली हकीकत सामने आई। ऐसे ही कुछ दस्तावेजों से पता चला कि जब ब्रिटिश अधिकारी पंजाब के इलाके में भारतीयों पर अत्याचार कर दिल्ली की तरफ कूच करते थे और उन्हें इसबात का डर सताता था कि कहीं रास्ते में आम जनता उन पर हमला न कर दे या कहीं सेना विद्रोह न कर दे तो ऐसे में वे अंग्रेज अधिकारी पटियाला व जींद जैसे राजघरानों से अपनी सुरक्षा संबंधी सहायता लिया करते थे। इस सहायता में कभी पटियाला व जींद के महाराजा अपनी सेना व घुड़सवार भेजते तो जरूरत पड़ने पर कभी खुद भी हाजिर हो जाते। कितना आश्चर्य होता है कि इस तरह के दर्जनों राजघराने जो कल सत्ता सुख की खातिर अंग्रेज परस्ती में जीते थे वे आज भी सत्ता की राजनीति करने में वैसे ही माहिर हैं। और हमारे देश की भोली भाली जनता इन अंग्रेज परस्त राजघरानों को तब भी सम्मान देती थी जब वे अंग्रेजों से 'राय बहादुर ' जैसी पदवियाँ व रियासत के विस्तार हेतु अधिक से अधिक इलाके हासिल करते थे और आज भी उन्हें वैसा ही सम्मान देती है जब वे स्वतंत्र भारत में चुनाव लड़ते हैं या जीतने के बाद मंत्रिमंडल में शोभायमान होकर देश के उज्जवल भविष्य की योजनाएं बनाते हैं। दरअसल अंग्रेजों के ऐसे खुशामद परस्तों को उस समय और भी बल मिल जाता है जब उन्हें अंग्रेज परस्ती की विचारधारा रखने वाले राजनैतिक दलों का साथ मिल जाता है।



## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए किसी बेहतर की संपत्ति संबंधित मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। आपको अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम रखना होगा। आपको अपने जीवन साथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा। स्वास्थ्य को लेकर यदि कुछ समस्या चल रही थी, तो उसे तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। आपके कुछ नए सहयोगी उत्पन्न हो सकते हैं। आपको अपनी संतान के संगति की ओर विशेष ध्यान देना होगा। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलेगी।

वृषभ- आज का दिन आपके लिए सूझबूझ दिखाकर कामों को करने के लिए रहेगा। विद्यार्थी अपने ज्ञान को बढ़ाने की कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। आप अपने मन में नकारात्मक विचारों को बिल्कुल ना रखें। सेहत आपको परेशान करेगी। आपको कामों को लेकर यदि कोई समस्या आ रही थी, तो वह भी दूर होगी। पार्टनरशिप में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपका किसी नई प्रॉपर्टी की खरीदारी का सपना पूरा हो सकता है। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए ऊजार्वान रहने वाला है। आज अपने आपको तरोताजा रखेंगे। यदि आपको कोई समस्या थी, तो वह भी काफी हद तक दूर होगी। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छी रहेगी, जो लोग बैंकिंग क्षेत्रों में कार्यरत हैं, उनके कामों से आज उन्हें एक नई पहचान मिलेगी। आपको अपनी मेहनत से कुछ नया करने का मौका मिलेगा। संतान की तरक्की में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आपको कोई बड़ी उपलब्धि हासिल हो सकती है। आप पारिवारिक रिश्तों को प्राथमिकता देंगे, जिससे रिश्ते मजबूत होंगे।

कर्क- आज का दिन आपके लिए नुकसानदायक रहने वाला है। आप किसी के बहकावे में आकर कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट कर सकते हैं। बिजनेस की कुछ योजनाओं से भी मन मुताबिक लाभ न मिलने के कारण आप परेशान रहेंगे। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिलेगी। आप अपने कामों को लेकर अपने पिताजी से बातचीत कर सकते हैं। आपको अपने घर के जरूरी कामों को पूरा करने के लिए आपको समय निकालना होगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए मनचाही सफलता दिलाने वाला रहेगा। आपके नए-नए रास्ते खुलेंगे। समस्याओं के बावजूद भी आपके काम आसानी से पूरे होंगे। आपको धैर्य और साहस से काम लेना होगा। व्यवसाय में आपको कुछ नए प्रस्ताव मिलेंगे। आप अपने भविष्य को लेकर कोई योजना बना सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। व्यक्तिगत जीवन में चल रही समस्याओं से आपको राहत मिलेगी। आपको यदि कोई इंफेक्शन आदि हो रहा है, तो उसे पर भी आपको पूरा ध्यान देना होगा।

कन्या- आज का दिन आपके लिए प्रसन्नता दिलाने वाला रहेगा। आज दिन की शुरूआत कमजोर रहेगी, लेकिन बाद में आपको अच्छा लाभ मिलेगा। आप किसी की कहीसुनी बातों में ना आए। आपका कोई मित्र आपके लिए निवेश संबंधी योजना लेकर आ सकता है, जिस पर आप ज्यादा अमल न करें। नौकरीपेशा लोगों को कोई नया मौका हाथ लग सकती है। आप बिजनेस को लेकर कोई महत्वपूर्ण ले सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको कोई लेनदेन करना नुकसान देगा।

तुला- आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं को बढ़ाने वाला रहेगा। यदि आप किसी काम को लेकर लंबे समय से इंतजार कर रहे थे, तो वह भी पूरा हो सकता है। व्यावसायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। कामों में यदि कुछ रुकावटें आ रही थी, तो वह भी दूर होंगी। आपको अपने पिताजी की कोई बात बुरी लग सकती है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने खानपान पर पूरा ध्यान देना होगा। माता पिता के आशीर्वाद से आपको कोई रुका हुआ काम पूरा होगा।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए योजना बनाकर कामों को करने के लिए रहेगा। आपको किसी काम को लेकर ज्यादा सोच विचार करने की आवश्यकता नहीं है। आपने यदि किसी को धन उधार दिया था, तो वह भी आपको वापस मिल सकता है। घर परिवार में आप लोगों के साथ तालमेल बैठाकर चले। यदि कोई वाद विवाद की स्थिति उत्पन्न हो, तो उसे बढ़ावा न दें। आपको अपने सहयोगियों से मन की बात कहने का मौका मिलेगा। आपके पिताजी को आपकी कोई बात बुरी लग सकती है।

धनु- आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। यदि लंबे समय से आपको कोई समस्या चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। ससुराल पक्ष से संबंधों में कुछ गलतफहमी आ सकती हैं। आपको अपने कामों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपके अंदर छिपी हुई कला भी बाहर निखरेगी, जिसे देखकर लोग हैरान रहेंगे। आपकी संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी। आपके घर किसी मार्गलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

मकर- आज का दिन आपके लिए चिंताग्रस्त रहने वाला है। यदि आपका कोई काम रुका हुआ था, तो वह आपको समस्या देगा। घर में कोई जरूरी निर्णय लेने से पहले आपको वरिष्ठ सदस्यों की राय की आवश्यकता होगी। आप यदि किसी परिवार के सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर परेशान चल रहे हैं, तो आपको उनके कुछ टेस्ट आदि भी कराने पड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आपके दिए गए सुझावों का स्वागत होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आप किसी नजदीकी से यदि कोई मदद मांगेंगे, तो वह भी आपको आसानी से मिल जाएगा। आपको अपने खान-पान पर पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि आपके पेट में कुछ गड़बड़ी चल रही थी, तो उसका असर आपके खानपान का ही रहेगा। वरिष्ठ सदस्य आपको किसी बात के लिए सलाह दें, तो आप उस पर अमल अवश्य करें। आपके कुछ नए शत्रु उत्पन्न हो सकते हैं, जिन पर आपको पूरा ध्यान देना होगा।

मीन- आज का दिन आपके लिए मध्यम रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको किसी नए काम की शुरूआत करना अच्छा रहेगा। आपको किसी की कोई बात बहुत ही सोच समझकर करनी होगी। बिजनेस में आपको अच्छी सफलता मिलने की संभावना है। कोई डील भी आपकी फाइनल होगी, जो आपको अच्छा लाभ देगी। ससुराल पक्ष से भी आपको कोई लेनदेन थोड़ा सोच समझकर करना होगा। आपके आपसी रिश्ते खराब हो सकते हैं।

## व्यवस्था का चमत्कार

डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा उरतृप्त




श्री हरिहरनंद जी महाराज एक जाने-माने योगी थे। उनकी सिद्धियों के चर्चे पूरे जिले में फैले हुए थे। कहते हैं, वो एक बार आंख बंद करते थे तो पूरे गांव की समस्याएं हल हो जाती थीं। गांव के लोग उन पर विश्वास करते थे, क्योंकि उनकी साधना के चमत्कारों का कोई सानी नहीं था। लेकिन श्री हरिहरनंद जी को यह भी मालूम था कि चमत्कार केवल साधना से नहीं होते, बल्कि व्यवस्था से होते हैं। एक दिन की बात है, गांव का मुख्य नल खराब हो गया। पानी की समस्या ऐसी विकराल थी कि लोग नहाने की जगह सूखी जमीन पर जलाभिषेक करने लगे। लोग पंचायत में गए, सरपंच जी ने कहा, इसका समाधान तो केवल श्री हरिहरनंद जी ही कर सकते हैं।

सब लोग भागे-भागे हरिहरनंद जी के आश्रम पहुंचे। महाराज जी ध्यान में लीन थे। लोग वहीं बैठ गए। एक भक्त ने धीरे से महाराज के कान में कहा, गांव का नल सूख गया है। पानी नहीं आ रहा। कुछ कीजिए महाराज ।महाराज ने आंखें खोलीं, गहरी सांस ली और बोले, चिंता मत करो, नल का चमत्कार अभी होगा। फिर आंखें बंद कर लीं ।गांव के लोग चकित थे। उन्हें लगा कि महाराज जी कुछ अद्भुत करेंगे। थोड़ी देर बाद, महाराज जी ने आंखें खोलीं और बोले, नल का पानी बंद होने का कारण पता लगाओ और गांव के सर्वेक्षण के लिए कलेक्टर साहब से मिलो ।लोग हैरान! पानी की समस्या का समाधान कलेक्टर से कैसे होगा? पर कोई कुछ बोलने की हिम्मत नहीं कर सका। सरपंच और कुछ बुजुर्ग कलेक्टर ऑफिस की ओर रवाना हुए ।कलेक्टर साहब ने उनकी बात सुनी और बोले, देखिए, ये सरकारी समस्या है। इसके लिए एक समिति बनेगी, जो समस्या की जांच करेगी। फिर उस समिति की रिपोर्ट पर हम कार्रवाई करेंगे। और हां, ये प्रक्रिया कम से कम छह महीने चलेगी ।लोग निराश होकर वापस लौटे। गांव में अब तक पानी की बूंद-बूंद के लिए हाहाकार मचा था। हरिहरनंद जी ने कहा, सब ठीक होगा, धैर्य रखो। समिति के निर्णय का इंतजार करो ।समिति बनी, जांच शुरू हुई। समिति के सदस्य गांव आए, नल को देखा, और फिर रिपोर्ट तैयार करने में जुट गए। रिपोर्ट आई, जिसमें लिखा था, नल की टोटी में जंग लग गई है। इसके लिए टोटी बदलनी होगी ।यह सुनते ही गांव वालों ने राहत की सांस ली। परंतु समस्या तब शुरू हुई जब टोटी बदलने के लिए बजट मांगा गया। कलेक्टर साहब बोले, बजट तो अगले वित्तीय वर्ष में मिलेगा। इस वर्ष का बजट तो समाप्त हो गया। तक जलाभिषेक से काम चलाइए ।हरिहरनंद जी ने फिर से गांव वालों को आश्वासन दिया, धैर्य रखो, यह भी व्यवस्था का एक चमत्कार है। अगले वर्ष पानी अवश्य आएगा ।और सच में, अगले वर्ष बजट आ गया। टोटी बदल गई, और नल में पानी आने लगा। लोग फिर से खुश थे। हरिहरनंद जी के आश्रम में फिर से भीड़ उमड़ने लगी। सब कहने लगे, महाराज के चमत्कार से पानी आ गया !हरिहरनंद जी मुस्कुराए और बोले, यह चमत्कार व्यवस्था का है। मैं तो केवल उसका माध्यम हूँ ।गांव के लोग समझ नहीं पाए कि ये चमत्कार असल में व्यवस्था का था या महाराज का। पर उन्हें एक बात जरूर समझ में आई—समस्या से ज्यादा बड़ी है 'समस्या का समाधान।'और इस समाधान की प्रक्रिया इतनी जटिल होती है कि अगर महाराज न होते, तो शायद लोग अपनी प्यास को आध्यात्मिक बना लेते।

## नहीं पड़ेगी बार-बार लिप ग्लॉस लगाने की जरूरत

चुकंदर जैसे गुलाबी होंठ पाना हर किसी लड़की की ख्वाहिश होती है. गुलाबी, मुलायम होंठ अक्सर सुंदरता और स्वास्थ्य की निशानी माने जाते हैं. हालांकि, खराब मौसम, डिहाइड्रेशन, जीवनशैली की खराब आदतें और केमिकल युक्त लिप प्रोडक्ट के इस्तेमाल से होंठ काले हो जाते हैं. कुछ महिलाएं स्मोकिंग करती हैं, जिसके कारण भी होंठ काले हो सकते हैं. अब ऐसे में लिपस्टिक और बार-बार लिप ग्लॉस लगाने के अलावा कोई ऑप्शन नहीं बचता है. ऐसे में आइए जानते हैं कुछ ऐसी आसान से टिप्स जिनको फॉलो करके आप नैचुरली पिंक लिप्स पा सकते हैं. जिन लोगों के होंठ पूरी तरह से डार्क हो चुकी हैं उन्हें गुलाबी करना थोड़ा मुश्किल है, लेकिन कई महिलाएं ऐसी भी हैं जिसके होंठ बचपन में तो गुलाबी थे, लेकिन वक्त के साथ डिसकलर होने लगे, उनके लिप्स को दोबारा पिंक बनाया जा सकता है. आइए सबसे पहले जानते हैं कि आखिर होंठ क्यों काले पड़ जाते हैं

1. किसी चोट के कारण खून का थक्का बनना
2. विटामिन की कमी
3. लो बल्ड शुगर लेवल
4. साइटोटोक्सिक दवाएं
5. एडिसंस डिजीज
6. प्रेग्नेंसी होठों को गुलाबी बनाने के लिए सबसे पहले चुकंदर के छिलके उतार लें और इसका जूस निकाल लें. इसे अपनी उंगलियों की मदद से अपने होठों पर लगाएं और 15 मिनट के लिए छोड़ दें. इसे बाद में धो लें. जल्दी रिजल्ट पाने के लिए आप इसे हफ्ते में दो बार दोहरा सकते हैं. चुकंदर में मौजूद नेचुरल बरगंडी रंग आपके होंठों को मुलायम और गुलाबी बनाने में मदद करता है.

तकनीक

प्रियंका सौरभ

# महिलाओं की सुरक्षा और गरिमा के लिए खतरा बनी साइबर की दुनिया



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से उत्पन्न सामग्री के उदय ने डिजिटल स्पेस में महिलाओं के सामने आने वाली चुनौतियों को और बढ़ा दिया है, जिससे ऑनलाइन उत्पीड़न और गोपनीयता उल्लंघन के नए रूप सामने आए हैं। इसने टेक कंपनियों और सरकारों दोनों को तत्काल कार्यवाही करने की आवश्यकता बताई है। आज जब साइबर क्षेत्र में महिलाओं के लिए खतरे कई गुना बढ़ गए हैं, तो ऐसा कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं बचा है, जहाँ वह छुप सकें और न ही कोई कड़ी सुरक्षा वाला इलाका है, जहाँ बैठकर वह अपने सम्मान पर डाका डालने वाले साइबर खतरों के खत्म होने का इंतजार कर सकें। एक वैश्विक सर्वे में पता चला है कि 60 प्रतिशत लड़कियों और महिलाओं ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उत्पीड़न का सामना किया है और इनमें से लगभग 20 प्रतिशत ने इसके चलते या तो सोशल मीडिया को अलविदा कह दिया या फिर उसका इस्तेमाल कम कर दिया। इसी तरह यूएन विमेन ने पाया है कि दुनिया भर में 58 प्रतिशत महिलाएँ और लड़कियों को किसी न किसी तरह के ऑनलाइन शोषण का शिकार होना पड़ा है। इनमें ट्रोलिंग, पीछा करने, डॉक्सिंग और लैंगिकता पर आधारित दूसरे तरह के ऑनलाइन हिंसक बर्ताव हैं, जो डिजिटिल युग के नए खतरों के तौर पर उभर रहे हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग डीपफेक वीडियो और चित्र बनाने के लिए किया जा रहा है, जो महिलाओं को मनगढ़ंत सामग्री के साथ लक्षित करते हैं जो अक्सर प्रकृति में यौन या मानहानिकारक होती है। यू। एस। की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति पद के लिए अपने अभियान के दौरान झूठे और हानिकारक संदर्भों में उन्हें चित्रित करने वाले डीपफेक का सामना करना पड़ा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल महिलाओं के चरित्र और विश्वसनीयता को कम करने के लिए डिजाइन की गई झूठी कथाएँ या स्त्री-द्वेषी सामग्री फैलाते हैं, विशेष रूप से नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को लक्षित करते हैं। रिपब्लिकन प्राइमरी के दौरान निक्की हेली हेरफेर की गई छवियों और फजी खबरों का शिकार हुईं। महिलाओं को ऑनलाइन वस्तुकरण और यौन रूप से स्पष्ट सामग्री का असंगत स्तर का सामना करना पड़ता है, जो वास्तविक नकली सामग्री बनाने की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षमता द्वारा बढ़ाया जाता है। इतालवी प्रधान मंत्री जियोर्जिया मेलोनी की आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई स्पष्ट तस्वीरें सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित हुईं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द्वारा बनाई गई डीपफेक और बदली हुई तस्वीरें महिलाओं की निजता का उल्लंघन करती हैं, जिसके परिणामस्वरूप अक्सर प्रतिष्ठा को काफी नुकसान होता है और मानसिक परेशानी होती है। बांग्लादेशी राजनेता रूमिन फरहाना को चुनावों से पहले डीपफेक सामग्री के साथ निशाना बनाया गया था। तकनीकी कंपनियों और सरकारों द्वारा समस्या को कम करने के लिए कदम। कंपनियों को त्रुटियों को रोकने के लिए मानवीय निगरानी के साथ, हानिकारक सामग्री को व्यापक रूप से प्रसारित होने से पहले सक्रिय रूप से चिह्नित करने और हटाने के लिए उन्नत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिटेक्शन सिस्टम में निवेश करना चाहिए। मेटा (फेसबुक) ने हाल ही में डीपफेक से निपटने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल की घोषणा की, लेकिन उनका कार्यान्वयन असंगत बना हुआ है। प्लेटफॉर्म को स्पष्ट जवाबदेही उपाय प्रदान करने चाहिए और रिपोर्ट करनी चाहिए कि वे अपनी मॉडरेशन नीतियों के पारदर्शी ऑडिट के साथ फ़्लैग की गई सामग्री को कैसे संभालते हैं। यूरोपीय संघ के डिजिटल सेवा अधिनियम (2022) में डिजिटल प्लेटफॉर्म को सामग्री मॉडरेशन क्रियाओं की रिपोर्ट करना अनिवार्य किया गया है। तकनीकी कंपनियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि एल्गोरिदम को इस तरह से डिजाइन किया जाए कि लिंग पूर्वाग्रह कम हो और हानिकारक उद्देश्यों के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल का दुरुपयोग रोका जा सके। गूगल आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिद्धांत आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के ज़िम्मेदार उपयोग पर प्रकाश डालते हैं, लेकिन अधिक कार्यान्वयन की आवश्यकता है। सरकारों को डेटा सुरक्षा कानूनों को लागू करना चाहिए और डीपफेक-विशिष्ट कानूनों सहित एआई-जनरेटेड सामग्री के दुरुपयोग को सम्बोधित करने के लिए विशिष्ट कानूनी प्रावधान बनाने चाहिए। भारत के सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यवर्ती दिशानिर्देश और डिजिटल मीडिया आचार संहिता) नियम 2021 सामग्री मॉडरेशन के लिए एक रूपरेखा प्रदान करता है, लेकिन इसमें कड़े एआई-विशिष्ट नियमों का अभाव है। सरकारों को एआई नैतिकता बोर्ड और रूपरेखाएँ स्थापित करनी चाहिए जो नैतिक एआई विकास को अनिवार्य बनाती हैं, लिंग आधारित भेदभाव को रोकने पर ध्यान केंद्रित करती हैं। यूरोपीय संघ के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अधिनियम का उद्देश्य उच्च जोखिम वाली एआई प्रणालियों को विनियमित करना है, विशेष रूप से मीडिया और निगरानी में। सरकारों को डीपफेक सामग्री की पहचान करने और रिपोर्ट करने के लिए जन जागरूकता अभियान शुरू करना चाहिए, विशेष रूप से कमजोर समूहों को लक्षित करना चाहिए।

भारत का राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल एआई-जनरेटेड कंटेंट से जुड़े साइबर अपराधों की आसान रिपोर्टिंग की सुविधा देता है। निर्धारित समय सीमा के भीतर हानिकारक कंटेंट को हटाने में विफल रहने पर तकनीकी कंपनियों को मौद्रिक दंड के माध्यम से जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए। यूरोपीय संघ में जीडीपीआर उन कंपनियों पर भारी जुमार्ना लगाने की अनुमति देता है जो उपयोगकर्ताओं को डेटा के दुरुपयोग से बचाने में विफल रहती हैं। सरकारों, तकनीकी फर्मों और नागरिक समाज के बीच एक सक्रिय, बहुपक्षीय दृष्टिकोण महिलाओं के लिए सुरक्षित डिजिटल स्थानों का निर्माण सुनिश्चित करेगा, नैतिक एआई विकास और मजबूत ऑनलाइन सुरक्षा को बढ़ावा देगा।

एक नजर

## शिक्षकों की अनुपस्थिति पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश



**सुकमा, 11 नवंबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशानुसार जिले के स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति और शाला संचालन की स्थिति की गहन जांच की जा रही है। इसी क्रम में 9 नवंबर 2024 को जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.आर. मंडावी ने दोरनापाल और पोलमपल्ली क्षेत्रों में स्थित आश्रम शालाओं और अन्य शालाओं का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान प्राथमिक शाला पोलमपल्ली में प्रधान अध्यापिका श्रीमती पुष्पलता भारती और सहायक शिक्षक श्री संतोष कुमार यादव, तथा बालक आश्रम नागाराम में श्रीमती भगवती सिंह अनुपस्थित पाए गए। इन शिक्षकों को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करते हुए संबंधित डी.डी.ओ. को इनके वेतन कटौती के निर्देश दिए गए हैं।सभी शैक्षणिक संस्थानों को आगामी परख परीक्षा की तैयारी के तहत बच्चों को ओ.एम.आर. सीट का नियमित अभ्यास कराने का निर्देश भी दिया गया है।

## नोडल अधिकारियों को अप्रारंभ आवास शीघ्र शुरू कराने के दिए निर्देश

**सुकमा, 11 नवंबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने शुक्रवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत नोडल अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में श्रीमती जैन ने वर्ष 2024-25 के तहत स्वीकृत आवासों और पूर्व में लंबित आवासों के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए।सीईओ ने अप्रारंभ आवासों का निर्माण कार्य एक सप्ताह के भीतर शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि सभी निर्माण कार्य उच्च गुणवत्ता के मानकों पर आधारित हों। साथ ही, नोडल अधिकारियों को आवास निर्माण की नियमित निगरानी करने और किसी भी कमी को समय रहते सुधारने के निर्देश दिए गए।बैठक में एसडीएम, तहसीलदार एवं नोडल अधिकारी सहित आवास संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## आईएएस के प्रशिक्षु अधिकारियों को निगम में किए जा रहे प्रमुख कार्यों की दी गई जानकारी



**भिलाई, 11 नवंबर।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देश पर नगर निगम भिलाई में 11 भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु अधिकारियों को नगर निगम भिलाई द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें प्रमुख रूप से असिस्टेंट कलेक्टर एम भारद्वाज, सी ओ जिला पंचायत एवं आयुक्त बजरंग दुबे द्वारा शासन के द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। दुर्ग जिले की भौगोलिक स्थिति क्या है। शहर क्यों प्रसिद्ध है। विशेष कर भिलाई स्टील प्लांट के कारण इंडस्ट्रियल बेल्ट है। एजुकेशन हब है। कृषि आधारित ग्रामीण व्यवस्था है। दुर्ग जिले का अपना एक ऐतिहासिक महत्व है, इत्यादि बारे में बताया गया। तत्पश्चात सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कचरा निष्पादन की तकनीक के बारे में बताया गया। किस प्रकार से घर-घर, दुकान, मार्केट एरिया इत्यादि जगहों से कचरा कलेक्शन किया जाता है। उसे कैसे सैरीगेट किया जाता है। किस प्रकार से वह रीसायकल किया जाता है एवं शासन द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया गया।

इसके बाद उन्हें एसएलआरएम सेंटर ले जाकर के प्रैक्टिकल रूप से कचरे के निष्पादन के बारे में बताया गया। वहां कार्य कर रही समूह के महिलाओं से बहुत सारे प्रश्नों का जवाब उन्हें प्रैक्टिकल के रूप में मिला। भिलाई का प्रमुख वाटर सप्लाई सिस्टम 77 एमएलडी फिल्टर प्लांट को दिखाया गया। किस प्रकार से शिवनाथ से पानी आता है और उसको नगर निगम भिलाई द्वारा विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से पीने के योग्य बनाते हैं। जोन के अनुसार विभिन्न पानी के टंकियां के माध्यम से सप्लाई किया जाता है। प्रमुख आवश्यकताओं में से एक पीने की पानी के सप्लाई के संबंध में सभी 11 प्रशिक्षु अधिकारी अमृता संदीपन, विष्णु शशि कुमार, शालिनी सिंह, हेमंत सिंह, अर्चना पी पी, कार्तिक राजा के एम,जे आशिक हुसैन, हर्षित सिंह, आयुष अग्रवाल, सूरज केएल, किरण, सलोनी छाबड़ा ने उत्सुकता पूर्वक सवाल किया ।

सभी की जानकारी उन्हें व्यवस्थित ढंग से दी गई। यह सुनकर के उन्हें आश्चर्य हुआ की 45 मिनट कई प्रक्रियाओं के बाद पानी पीने की योग्य बनता है। प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, जोन आयुक्त सतीश यादव, अजय सिंह राजपूत, रूपेश कुमार पांडे जनपद पंचायत दुर्ग आशुतोष दुबे ए असिस्टेंट डायरेक्टर औद्योगिक सुरक्षा स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, अभियंता संजय अग्रवाल, बृजेश श्रीवास्तव, विनीता वर्मा, दीपक देवांगन, अर्पित बंजारे द्वारा आवश्यक जानकारी दी गई।

# विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का जोरदार आगाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 11 नवंबर ।** बस्तर ओलंपिक के विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आज अतिथियों की उपस्थिति में भव्य शुभारंभ हुआ। जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रदर्शन मैच में पहुंचकर अतिथियो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। खेल का शुभारम्भ खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट को हरि झंडी दिखाकर किया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से भव्य और व्यापक रूप में बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतर्गत सुकमा जिले के तीनों विकासखंड सुकमा, कोंटा, और छिंदगढ़ के मुख्यालयों में आज विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी श्री धनीराम बारसे, ने सभी प्रतिभागियों को बस्तर ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल ऐसा माध्यम जो हमारे तन-मन को स्वस्थ रखता है और स्वस्थ रहेंगे तभी हम आगे बढ़ने के सभी अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ कर जिले के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतियोगिता का यह पहला पड़ाव है। उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों के खेल प्रतिभा के कारण सुकमा जिले को नई पहचान मिलेगी। यह प्रतियोगिता तीन चरण में संपन्न होगा और आज प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से कहा कि सभी खिलाड़ी टीम भावना के साथ खेलते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी, नगर पालिका परिषद सुकमा अध्यक्ष श्री जगन्नाथ राजू साहू, श्री मनोज देव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल तथा गणमान्य नगरिक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है।इसमें नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को विशेष प्रोत्साहित किया जा रहा है। बस्तर क्षेत्र के 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए अपना पंजीयन करवाया है। इस ओलंपिक में विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## कोंटा विकासखंड में विकास कार्यों का निरीक्षण



**सुकमा, 11 नवंबर ।** कलेक्टर श्री देवेश कुमार के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता जैन ने विकासखंड कोंटा के विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पोलमपल्ली उप स्वास्थ्य केंद्र, मिनपा उप स्वास्थ्य केंद्र, पोलमपल्ली आश्रम, पोटाकेबिन, और एल्मागुंडा गांव का दौरा किया।निरीक्षण के दौरान श्रीमती जैन ने एल्मागुंडा स्कूल का निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं का जायजा लिया और बच्चों की शिक्षा में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही, एल्मागुंडा में आंगनवाड़ी केंद्र और सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) भवन के निर्माण कार्यों की प्रगति का समीक्षा करते हुए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि क्षेत्र के निवासियों को इनसे जल्द से जल्द लाभ मिल सके। स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध संसाधनों और चिकित्सा सेवाओं की स्थिति पर भी विशेष ध्यान दिया गया। श्रीमती जैन ने यह सुनिश्चित करने को कहा कि स्वास्थ्य कर्मी नियमित रूप से केंद्र पर मौजूद रहें और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनी रहे। साथ ही, गर्भवती महिलाओं और बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर सेवाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। पोलमपल्ली आश्रम में उन्होंने बच्चों के आवास, भोजन और स्वच्छता की व्यवस्था की भी समीक्षा की। उन्होंने आश्रम अधिकारियों को बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए, ताकि उनकी पढ़ाई और स्वास्थ्य पर सकारात्मक असर हो।

## विधायक लखेश्वर बघेल ने किंजोली राशन दुकान का निरीक्षण किया

**सुकमा, 11 नवंबर ।** राशन दुकान का निरीक्षण करके दुकान सामग्री एवं स्टॉक रजिस्टर, दस्तावेज आदि अवलोकन कर प्रतिवेदन तैयार करके राशन में जो कमी हो रही हैं उसको उच्च अधिकारी को अवगत कराऊंगा ताकि लोगों को राशन पर कमी ना हो बस्तर विधायक श्री लखेश्वर बघेल ने कहा की शासकीय उचित मूल्य की दुकान के औचक निरीक्षण के दौरान आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जगदलपुर द्वारा संचालित ग्राम किंजोली की शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर अचानक निरीक्षण करने पहुँचा यहां हितग्राहियों से राशन वितरण के संबंध में जानकारी ली तो पता चला कि एक हितग्राही को निर्धारित मात्रा से दो माह की राशन में एक महीने का दिया जाता हैं जबकि दूसरे महीने का रोक लिया जाता हैं। ग्राम प्रमुख रमेश कश्यप ने कहा की जिले में गरीबों के हक के राशन की कालाबाजारी रोकने में प्रशासन पूरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है जिम्मेदार विभाग की मिलीभगत के बगैर राशन की कालाबाजारी असंभव है परंतु जब जिम्मेदार विभाग के अधिकारी और कर्मचारी राशन की कालाबाजारी के संबंध में सबकुछ जानते और समझते हुए संरक्षण देकर दोषियों के बचाव का रूख अपनाकर अपनी ड्यूटी निभाएंगे।

## जगदलपुर विकासखंड में जोन स्तरीय बस्तर ओलंपिक का विधायक किरण देव ने किया शुभारंभ



जगदलपुर 11 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है।इसमें नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को विशेष प्रोत्साहित किया जा रहा है।बस्तर क्षेत्र के 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए अपना पंजीयन करवाया है। इस ओलंपिक में विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाना है।

इसी तारतम्य में विकासखंड में जोन स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है बस्तर जिले के जगदलपुर विकासखंड में विधायक श्री किरण देव द्वारा बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ किया गया। उन्होंने फुटबॉल के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें शुभकामनाएं दी और फुटबॉल को किक मारकर गोल करते हुए प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।आई कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री देव ने कहा कि बस्तर के युवाओं में कई विधाओं में प्रतिभा कूट-कूट कर भरा है। खेल एक माध्यम है जो व्यक्ति के मानसिक, शारीरिक विकास के साथ-साथ नाम कमाने और रोजगार के अवसर देता है। बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता तीन स्तरीय प्रतियोगिता है, इसके लिए संभाग से एक लाख 65 हजार से अधिक खिलाड़ियों ने पंजीयन करवाया है।अधिक से अधिक लोंगों की सहभागिता और ओलंपिक के आयोजन के लिए मुख्यमंत्री, खेल मंत्री का आभार और शुभकामनाएँ। इस दौरान विधायक ने प्रतियोगिता में जगदलपुर और आडावाल के मध्य फुटबॉल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी, विधायक ने प्रोत्साहन स्वरूप राशि भी छात्राओं को दिए।विधायक ने प्रतियोगिता स्थल पर मेडिकल सुविधा और भोजन व्यवस्था का भी अवलोकन कर खिलाड़ियों को भोजन वितरण किया और स्वयं ने भी खिलाड़ियों के साथ दोपहर का भोजन किया। उन्होंने चार दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश आयोजको को दिए। इस अवसर पर एसडीएम जगदलपुर श्री भरत कौशिक, खेल अधिकारी श्री राजेंद्र डेकाटे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बलिराम बघेल, जनपद सीईओ श्री अमित भाटिया, संबंधित क्षेत्र के शिक्षा विभाग के अधिकारी- शिक्षक और खिलाड़ी,खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

## आपराधिक प्रवृत्ति में संलिप्त नंदू कनौजिया को केन्द्रीय जेल में निरुद्ध करने के आदेश

**भिलाई, 11 नवम्बर।** संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन पर स्वापक, औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ अवैध व्यापार, निवारण अधिनियम-1988 की धारा-3 सहपठित धारा-11 के तहत न्यायालयीन आदेश पारित कर आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त नंदू कनौजिया पिता गोपाल कनौजिया निवासी यादव चौक रूआबांधा बस्ती भिलाई जिला दुर्ग को 06 माह के लिए केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध करने आदेशित किया है। आदेश पारित करने के पूर्व संभाग आयुक्त द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत जवाब/तर्क, न्याय दृष्टांतों एवं शपथपूर्वक कथन का अध्ययन तथा प्रकरण में प्रस्तुत ईश्तगासा मय दस्तावेजों का अवलोकन किया गया। तथ्य के अनुसार नंदू कनौजिया के विरूद्ध आबकारी एक्ट के कुल 07 मामले और नारकोटिक्स एक्ट के 04 मामले दर्ज कर कार्यवाही की गई है। इसके अलावा लड़ाई, झगड़ा एवं मारपीट के भी मामले लगातार दर्ज होते रहे हैं। जेल से छूट जाने के पश्चात् लगातार आपराधिक गतिविधियों में संलप्ति रहा है। उसकी प्रवृत्ति में कोई सुधार नहीं हुई है। वर्तमान में भी शराब व गांजा सहित अन्य मादक पदार्थ बेचने की शिकायत लगातार मिलती रही है। स्वतंत्र साक्षी के कथन से यह सत्य प्रकाश में आया है कि नंदू कनौजिया रूआबांधा क्षेत्र में हर मोहल्ले में लड़कों का गेंग बना कर रखा है। जमानत पर न्यायालय से छूट जाने से उसका मनोबल बढ़ता जा रहा है। वह अवैध रूप से शराब व गांजा जैसे नशीली पदार्थों का अवैध व्यापार करने का आदी हो गया है। उनके आपराधिक गतिविधियों से समाज में रहने से विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। ऐसी स्थिति में प्रकरण में आये प्रतिवेदन, जवाब, साक्षियों के बयान एवं तर्क के आधार पर उसे जेल में निरूद्ध किया जाना आवश्यक है। ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक दुर्ग के प्रतिवेदन के अनुसार अनावेदक के द्वारा आदतन अपराध घटित करने के कारण इस पर अंकुश लगाने प्रतिबंधक धाराओं के तहत कार्यवाही की गई। इसके बाद भी इसकी आदतों में कोई सुधार परिलछित नहीं हुआ, बल्कि ये अपराधी बन गया है। आम जनता में इसके आतंक से भय व्याप्त हो गया है। लोग इसके विरूद्ध रिपोर्ट करने की साहस करना तो दूर इसकी उपस्थिति की सूचना देने तक के लिए घबराते हैं। अनावेदक के विरूद्ध थाना दुर्ग में 16 विभिन्न अपराधिक प्रकरण दर्ज है। पुलिस द्वारा आपराधिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर पृथक-पृथक न्यायिक दण्डाधिकारी एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी के न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत किये गये। अनावेदक के विरूद्ध इसके भय एवं आतंक के कारण कोई भी जनसाधारण न्यायालय में गवाही देने से बचता है। संभागायुक्त राठौर ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए 06 नवम्बर 2024 को न्यायालयीन आदेश पारित कर अपराधिक प्रवृत्ति में संलिप्त नंदू कनौजिया को केन्द्रीय जेल दुर्ग में निरुद्ध करने के आदेश दिये हैं।

## नक्सलियों का घिनौना चेहरा पहचानें,आम लोगों को बनाते हैं ये निशाना,बस्तर बचाओ आंदोलन की है जरूरत :फारूख अली

**बीजापुर, 11 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** समाज सेवी एवं नक्सल विरोधी फ़ारूख अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर नक्सलियों के ख़िलाफ़ एक बार फिर मोर्चा खोला,फ़ारूख ने कहा नक्सली जनता के दुश्मन है,इस बात को जनता को समझना होगा और नक्सलवाद के विरोध मे एक स्वर होकर आगे आना होगा।



फ़ारूख अली ने इस साल नक्सली हिंसा मे मारे गये आम लोगों और जवानों के बारे मे बताया के नक्सलियों द्वारा जो हत्याएँ हुई है ।इस वर्ष पुलिस रिकॉर्ड के हिसाब से जनवरी 1 तारीख़ से अब तक बीजापुर ज़िला मे नक्सली द्वारा विस्फोट मे 20,पुलिस नक्सली मुठभेड़ मे 5 जवान शहीद,नक्सलियों द्वारा मुखबिरी का आरोप लगाकर निर्दोष 22 ग्रामीणों को मारा,सुकमा ज़िला मे विस्फोट मे 5,मुठभेड़ों मे 6 जवान शहीद,नक्सली हिंसा मे निर्दोष ग्रामीण 14 लोग मारे गये,दंतेवाड़ा ज़िला नक्सलियों द्वारा लगाये विस्फोट मे 6,मुठभेड़ मे 2 जवान शहीद,नक्सलियों द्वारा एक ग्रामीण को मौत के घाट उतारा,नारायणपुर ज़िला नक्सलियों द्वारा विस्फोट मे 4,मुठभेड़ मे 1 जवान शहीद एवं नक्सलियों द्वारा 15 ग्रामीणों को मौत के घाट उतारा,कांकेर ज़िला नक्सली विस्फोट में 3,मुठभेड़ मे एक जवान शहीद एवं नक्सलियों द्वारा एक ग्रामीण को मौत के घाट उतारा।कोंडागाँव मे एक निर्दोष ग्रामीण को मौत के घाट उतार दिया।बस्तर संभाग मे इस वर्ष अब तक आम निर्दोष ग्रामीण,जनप्रतिनिधि,एवं जवान कुल 107 लोगों की हत्या नक्सलियों ने किया वहीं कई मवेशियों के साथ मासूम जानवरों को आईईडी मे उड़ा दिया।कई जवान एवं निर्दोष ग्रामीण नक्सली विस्फोट एवं हमले में घायल हुए,नक्सलियों ने कई खेत उजाड़ दिया,आदिवासियों को बेघर कर दिया एवं जल जंगल ज़मीन छीन लिया।फ़ारूख अली ने कहा सरकार की नक्सलियों पर सख़्त रुख़ एवं सुरक्षा बलों द्वारा नक्सली दबाव मे है,यही सही समय है नक्सलियों के ख़िलाफ़ खड़े होकर उनका विरोध करके उन्हें खदेड़ने का और बस्तर को बचाने का,फ़ारूख अली ने जनता से आह्वान करते हुए कहा है नक्सलियों के ख़िलाफ़ एक बार फिर जनआंदोलन की ज़रूरत है,बस्तर बचाओ अभियान शुरू करने की ज़रूरत है और बाहरी माओवादियों के इशारे मे चल रहे खोखली नक्सली विचार धारा को हम सबको मिलकर ख़त्म करना है।

## बस्तर ओलंपिक के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 14 नवंबर तक



**बीजापुर, 11 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर ओलंपिक 2024 अन्तर्गत प्रथम चरण की खेल प्रतियोगिता का आयोजन विकास खंड स्तर से प्रारंभ हो रही है। सोमवार 11 नवंबर से 14 नवंबर तक भोपालपटनम एवं उसूर ब्लॉकमें प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। भोपालपटनम ब्लॉक में 11 नवंबर शुभारंभ के दिन खो-खो, फुटबॉल।12 नवंबर को व्हालीबॉल, बैडमिंटन,कराटे।13 नवंबर को एथलेटिक्स, तीरंदाजी एवं अंतिम दिवस 14 नवंबर को एथलेटिक्स रस्साकसी, सहित अन्य खेलों का फाइनल मुकाबला एवं पुरस्कार वितरण होगा।इसी तरह उसूर ब्लॉक में 11 नवंबर को गोला फेक,भाला एवं तवां फेंक,लंबी/ऊंची कूद तथा 100,200,400 मीटर लंबी दौड़, खो-खो कबड्डी।12 नवंबर को कबड्डी, खो-खो, व्हालीबॉल, तीरंदाजी बैडमिंटन।13 नवंबर को कबड्डी,खो-खो, व्हालीबॉल, फुटबॉल का क्वार्टर फाइनल एवं सेमीफाइनल।14 नवंबर अंतिम दिवस को विभिन्न खेलों का फाइनल मैच एवं पुरस्कार वितरण होगा। सम्पूर्ण खेल प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 9.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक होगा।भैरमगढ़ और बीजापुर का ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता 18 से 21 नवंबर तक आयोजित होगा। वहीं ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिता में क्वालीफाई खिलाड़ियों का जिला स्तरीय प्रतियोगिता 25 से 26 नवंबर 2024 को मिनी स्टेडियम बीजापुर में आयोजित होगा। सभी खेलों में दो आयु वर्ग 14 से17 एवं 17 से अधिक महिला एवं पुरुष खिलाड़ी भाग लेंगे।बस्तर ओलंपिक 2024 के आयोजन हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। ब्लॉक एवं जिला स्तरीय प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन हेतु सभी नामजद अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई।

## विकासखंड स्तरीय बस्तर ओलंपिक प्रतियोगिता का हुआ भव्य शुभारंभ

**बीजापुर, 11 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर ओलंपिक के विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता का आज अतिथियों की उपस्थिति में भव्य शुभारंभ हुआ। जिला मुख्यालय मिनी स्टेडियम सुकमा में प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर आयोजित प्रदर्शन मैच में पहुंचकर अतिथियो ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया और हौसला बढ़ाते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी। खेल का शुभारम्भ खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट को हरि झंडी दिखाकर किया। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा बस्तर के युवाओं को खेलों के माध्यम से मुख्यधारा में जोड़ने के उद्देश्य से भव्य और व्यापक रूप में बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन के अंतर्गत सुकमा जिले के तीनों विकासखंड सुकमा, कोंटा, और छिंदगढ़ के मुख्यालयों में आज विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ पार्टी पदाधिकारी श्री धनीराम बारसे, ने सभी प्रतिभागियों को बस्तर ओलंपिक के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल ऐसा माध्यम जो हमारे तन-मन को स्वस्थ रखता है और स्वस्थ रहेंगे तभी हम आगे बढ़ने के सभी अवसरों का लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर बस्तर ओलंपिक का शुभारंभ कर जिले के खिलाड़ियों को एक मंच प्रदान किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रतियोगिता का यह पहला पड़ाव है।

उन्होंने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि आप लोगों के खेल प्रतिभा के कारण सुकमा जिले को नई पहचान मिलेगी। यह प्रतियोगिता तीन चरण में संपन्न होगा और आज प्रथम चरण में विकासखण्ड स्तरीय प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ है। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से कहा कि सभी खिलाड़ी टीम भावना के साथ खेलते हुए अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करें। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हरीश कवासी, नगर पालिका परिषद सुकमा अध्यक्ष श्री जगन्नाथ राजू साहू, श्री मनोज देव एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण सहित कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नम्रता जैन, डीएफओ श्री अशोक कुमार पटेल तथा गणमान्य नगरिक उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया जा रहा है जिसके माध्यम से बस्तर क्षेत्र के युवाओं को खेलों के माध्यम से विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास है।

इसमें नक्सल हिंसा में दिव्यांग व्यक्तियों और आत्मसमर्पित नक्सलियों को विशेष प्रोत्साहित किया जा रहा है। बस्तर क्षेत्र के 1 लाख 65 हजार से अधिक लोगों ने बस्तर ओलंपिक में भाग लेने के लिए अपना पंजीयन करवाया है। इस ओलंपिक में विकासखण्ड, जिला और संभाग स्तर पर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## एक नजर

### सरायपाली में व्यापारिक प्रतिष्ठान पर आकस्मिक निरीक्षण

**महासमुंद,11 नवंबर।** सरायपाली अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सुश्री कु. नम्रता चौबे के मार्गदर्शन में ग्राम तिहरीपाली के एक व्यापारिक प्रतिष्ठान पर प्राप्त शिकायत के आधार पर आकस्मिक निरीक्षण किया गया। इस कार्रवाई में नायब तहसीलदार सरायपाली श्री हरिप्रसाद भोय, मंडी सचिव श्री खिरभान सिंह ध्रुव, मंडी निरीक्षक श्री सुशील कुमार साहू, अनुभाग अधिकारी श्री जयंत सिंह चौव्हाण और मंडी कर्मचारी श्री जैनेन्द्र कुमार पटेल सम्मिलित थे।निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान पर 470 पाकिट धान का अवैध भंडारण पाया गया, जिनका कुल वजन लगभग 188 क्विंटल था। इसके अतिरिक्त, 6.00 क्विंटल महुआ भी अवैध भंडारण के रूप में बरामद किया गया। मंडी अधिनियम के तहत यह भंडारण अवैध होने के कारण इसे तुरंत प्रभाव से जप्त किया गया।खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की अवधि को देखते हुए, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) सरायपाली के निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जानी है। इस निरीक्षण अभियान का उद्देश्य किसानों के हक की सुरक्षा सुनिश्चित करना और मंडी अधिनियम का सख्ती से पालन कराना है, ताकि समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी प्रक्रिया में किसी प्रकार की अनियमितता न हो।

### निजी भूमि अधिग्रहण की होगी कार्रवाई

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** झारसुगुड़ा-बिलासपुर चतुर्थ लाईन हेतु किरोड़ीमलनगर से भूपदेवपुर रेल लाईन (08 कि.मी., 0.244 हेक्टेयर) निर्माण हेतु निजी भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम 1989 (संशोधित) के अधीन धारा 20 ए के तहत की जा रही है। इस संदर्भ में जो कृषक दावा/ आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हैं तो अपनी आपत्ति भू-अर्जन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा.)रायगढ़ के कार्यालय में 15 नवम्बर 2024 को समय प्रातः 11 बजे स्वयं अथवा अपने प्रतिनिधि या अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

### 2 आंगनबाड़ी में रिक्त सहायिका पद हेतु 30 नवम्बर तक आवेदन

**रायगढ़,11 नवम्बर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र परसदा एवं आंगनबाड़ी केन्द्र टारडीपा सरवानी में रिक्त आंगनबाड़ी सहायिका के एक-एक पद पूर्ति हेतु 30 नवम्बर 2024 तक आवेदन मंगाए गए है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत जानकारी परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण)में संपर्क कर सकते है।

### देवउठनी एकादशी पर 12 नवम्बर को स्थानीय अवकाश घोषित

**महासमुंद 11 नवम्बर।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह द्वारा जिला महासमुंद के सभी शासकीय कार्यालयों और संस्थाओं के लिए देवउठनी एकादशी (तुलसी पूजा) के अवसर पर मंगलवार 12 नवम्बर 2024 को स्थानीय अवकाश घोषित किए गए हैं। उपरोक्त स्थानीय अवकाश बैंक, कोषालय और उपकोषालय पर लागू नहीं होंगे।

### आवास मित्र भर्ती के लिए दस्तावेज सत्यापन 22 एवं 23 नवंबर को

महासमुंद 11 नवम्बर। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन भर्ती के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। प्राप्त ऑनलाइन आवेदन के अनुसार अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर ली गई है। अभ्यर्थियों द्वारा सूची एवं दस्तावेज सत्यापन प्रारूप का अवलोकन जिले की वेबसाइट www.mahasamund.gov.in पर किया जा सकता है।जिला पंचायत सीईओ श्री एस. आलोक ने बताया कि सूची में शामिल अभ्यर्थियों को दस्तावेज़ सत्यापन प्रारूप और आवश्यक दस्तावेजों की स्व-प्रमाणित प्रतियां लेकर उपस्थित होना है। दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रिया जिला पंचायत महासमुंद के सभाकक्ष में 22 और 23 नवंबर 2024 को प्रातः 9:00 बजे से आयोजित की जाएगी। इनमें क्रमांक 1 से 1200 तक के अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ सत्यापन 22 नवंबर को तथा क्रमांक 1201 से 2422 तक के अभ्यर्थियों का दस्तावेज़ सत्यापन 23 नवंबर 2024 को होगा।

### योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत आवासों का किया गया निरीक्षण

**राजनांदगांव 11 नवम्बर ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोटरासरार, जंगलपुर, रामपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने अप्रारंभ एवं निर्माणाधीन आवास हितग्राहियों को सामूहिक रूप से सामग्री खरीदने, ग्राम पंचायत में मेसन की उपलब्धता एवं मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने आवास निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

### भारत स्काउट गाइड स्थापना दिवस पर रैली एवं संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**राजनांदगांव 11 नवम्बर ।** भारत स्काउट गाइड की 75वीं स्थापना दिवस पर 7 नवम्बर 2024 को डोंगरगढ़ विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारागांव खुर्द में रैली एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। स्काउट गाइड द्वारा सशक्त युवा विकसित भारत थीम के तहत रैली निकालकर ग्राम भ्रमण किया गया और स्काउट गाइड सेवा संस्था के उद्देश्य तहत बच्चों में अनुशासन, देशभक्ति, चारित्रिक विकास, बौद्धिक विकास, आध्यामिक विकास एवं सर्वांगीण विकास कर सेवा भाई-चारा के संबंध में जानकारी दी गई। यह संस्था ईश्वर के प्रति कर्तव्य, दूसरे के प्रति कर्तव्य एवं स्वयं के प्रति कर्तव्यों के सिद्धांतों पर आधारित है। रैली भ्रमण के बाद संगोष्ठी आयोजित कर फ्लैग स्टीकर भेंट कर सहयोग राशि प्राप्त की गई। कार्यक्रम में स्काउट, गाइड, रोवर रेंजर एवं स्काउटर गाइडर ने सहभागिता की। इस अवसर पर श्री विष्णु प्रसाद साव, श्री राकेश भावते, श्री दविंदर सिंह भाटिया, श्री लेखराम वर्मा, श्री लक्ष्मीनारायण वर्मा, डॉ मिलन टेम्भूलकर, श्री अरविंद सहारे, श्री विजय टेम्बुरकर, श्रीवास्तव उपस्थित थे।

# अवैध शराब बिक्री के खिलाफ महिलाएं उतरीं सड़क पर घेरा कोतरा रोड थाना, विधायक उमेश पटेल भी पहुंचे



**रायगढ़, 11 नवम्बर।** जिला मुख्यालय पहुंचकर सैकड़ों की संख्या में लोगों ने थाने के सामने हंगामा शुरू कर दिया है। महिलाओं का आरोप है कि उनके क्षेत्र में अवैध शराब का कारोबार करने वाले की शिकायत करने पर शराब कोचिये के द्वारा उनके साथ मारपीट की गई थीए इसकी शिकायत करने के बावजूद पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं करने से नाराज होकर थाने के सामने बैठकर हंगामा कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार थाने के सामने सैकड़ो की संख्या में सड़क में बैठकर प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप है कि कोसमपालीए बरमुडा सहित आसपास के क्षेत्रों में कुछ लोगों के द्वारा अवैध तरीके से महुआ शराब का विक्रय किया जा रहा था। इस मामले की शिकायत उन्होंने थाने में की थी जिससे क्षुब्ध होकर शराब कोचिये ने महिला सरपंच के बेटे के साथ मारपीट की थी। इस मामले की शिकायत करने के बावजूद शराब कोचिये पर किसी तरह की कोई कार्रवाई नही करने से नाराज होकर आज लगभग आधे दर्जन से भी अधिक गांव की सैकड़ो महिलाओं ने कोतरा रोड थाने का घेराव करते हुए सड़क में बैठकर चक्काजाम शुरू कर दिया। नाराज महिलाओं ने कोतरा रोड थाने की पुलिस टीम पर शराब कोचिये के साथ मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।

नाराज महिलाओं का आरोप है कि खरसिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कई गांव में पिछले लंबे समय से अवैध महुआ शराब का विक्रय किया जा रहा है। इस मामले की शिकायत करने के बावजूद पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नही की जाती है। नाराज होकर वे रायगढ़ जिला पहुंचकर आंदोलन करने को विवश हो चुके है। महिलाओं के इस आंदोलन की जानकारी मिलते ही रायगढ़ के पूर्व विधायक प्रकाश नायक, खरसिया विधायक श्री उमेश पटेल सहित कई कांग्रेसी नेता कोतरा रोड थाने पहुंच गए हैं। ग्राम पंचायत कोसमपाली की सरपंच अनसुईयां उराव ने बताया कि छठ पूजा से पहले गांव की कई महिलाओं ने उनसे गांव में बिकने वाली अवैध महुआ शराब की शिकायत की थीं। तब उन्होंने एकजुट होकर गांव में बिकने वाली अवैध शराब को बंद कराने के लिये कोतरा रोड थाना पहुंचकर ज्ञापन सौंपा था। तब पुलिस ने उन्हें छठ पूजा के बाद कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था। इसके बाद उन्होंने इस मामले की शिकायत एसपी आफिस पहुंचकर की जिसके बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर उसी दिन शाम करीब 4 बजे पुलिस टीम पहुंचकर छापामार कार्रवाई करते हुए शराब पकड़ा गया। इसके बाद गांव की 18 समिति की महिलाएं घर.घर जाकर चेक किया गया कि इस कार्रवाई के बावजूद कहीं फिर से शराब तो नही बनाया जा रहा है।

तब शराब का कारोबार करने वाले लोगों के द्वारा उनसे गाली गलौज करते हुए दोबारा घर आने पर झूठे केश में फंसाने की धमकी दी गई थी। महिला सरपंच ने यह भी बताया कि बेटे को जान से मारने की धमकी देते हुए उसके साथ जमकर मारपीट की गई। इसकी शिकायत करने के बावजूद पुलिस के द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नही करने से नाराज होकर वे आज थाने पहुंची है। इस मामले में पूर्व मंत्री एवं खरसिया विधायक उमेश पटेल ने बताया कि आज सुबह उन्हें फोन के जरिये सूचना मिली कि कोसमपाली की महिलाओं के साथ थाने में दुर्व्यवहार हो रहा है। कल शाम रिपोर्ट लिखाने पहुंची महिलाओं को यहां के टीआई ने उल्टा उन्हीं के उपर एफआईआर हो जाने की बात कही गई। इस वजह से आज भारी संख्या में महिलाएं थाने पहुंची है और इन महिलाओं ने थाने के अलावा एसपी आफिस में ज्ञापन सौंपा था और जिस तरह से गांव में शराब बिक रही जिससे गांव के बच्चे बिगड़ रहे हैं। उमेश पटेल ने कहा कि महिलाओं का आरोप था कि शराब कारोबारी के द्वारा सरपंच के बेटे के साथ मारपीट की गई है और पुलिस आरोपी को संरक्षण दे रही है।जब से प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है तब से पुलिस का जनता के प्रति जो रवैया बहुत ही गलत रवैया है। शराब माफियाओं को जिस तरह से संरक्षण दिया जा उसे बर्दाश्त नही किया जाएगा। गांव में जिस तरह महिलाएं संगठित हैं इन्हें तोड़ने का काम किया जा रहा है और इन्हें डराने धमकाने का काम किया जा रहा है।

## बार-बार किसानों की उपेक्षा करना भाजपा की आदत:विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,11 नवंबर।** कांग्रेस कार्यकाल के समय किसानों के हितचिंतक बनने का ढोंग रचने वाले भाजपा के बड़े नेता आज अपने सरकार में मुंह में दही जमाए बैठे हैं। पूर्ववर्ती कांग्रेस शासन काल में झलप पटेवा क्षेत्र के ओलावृष्टि प्रभावित किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने की प्रक्रिया प्रारंभ की गई थी। अधिकतर किसानों को मुआवजा मिला भी। पश्चात विधान सभा चुनाव के चलते कुछ गांवों के किसानों को मुआवजा वितरण नहीं हो पाया था। लेकिन सरकार बदलने के बाद से किसानों को भाजपा ने फसल क्षति का मुआवजा देना मुनासिब नहीं समझा। उस समय मुआवजा वितरण को लेकर हाय तौबा मचाने वाले भाजपा नेता आज इस मुद्दे पर बचते नजर आ रहे हैं।

उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने मुआवजा वितरण में हो रही अनायास देरी को लेकर कही। श्री चंद्राकर ने कहा कि बार बार क्षेत्र के किसानों द्वारा ज्ञापन आवेदन सौंपने के बाद भी किसानों की कोई सुनवाई नहीं की जा रही है। मेरे द्वारा भी इस संबंध में कलेक्टर को पत्र के माध्यम से अवगत कराकर शीघ्र मुआवजा प्रदान करने निवेदन किया गया था, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। अभी अंतिम बार नायब तहसीलदार झलप को क्षेत्र के किसानों ने 4 नवंबर को ज्ञापन सौंपकर 9 नवंबर तक मुआवजा राशि प्रदान करने की मांग की थी। लेकिन, 9 नवंबर तक भी किसानों को कोई मुआवजा नहीं मिला। किसानों ने कहा था कि 9 नवंबर तक मुआवजा नहीं मिली तो वे उग्र आंदोलन को बाध्य होंगे। जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। अब यदि किसान विरोध करने पर उतर आए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा। सरकार द्वारा बार बार किसानों की उपेक्षा का परिणाम भयंकर हो सकता है। किसान कोई खैरात नहीं अपना अधिकार मांग रहे हैं।

श्री चंद्राकर ने कहा कि भाजपा की किसान विरोधी सरकार किसानों की फरियाद सुनने को तैयार नहीं है। हजारों एकड़ की फसल ओलावृष्टि से बर्बाद हो गई। किसानों की मेहनत पर पानी फिर गया। फसल बर्बाद होने से किसान कर्ज में दब गए। किसानों के हित के इस महत्वपूर्ण मसले पर भाजपा नेताओं ने मौन साध लिया।चंद्राकर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने ओला प्रभावित किसानों को मुआवजा प्रदान करने की घोषणा की थी। जिसके बाद कई गांवों के किसानों को क्षतिपूर्ति राशि का भुगतान किया गया। कुछ ग्राम के किसान शेष रह गए थे। भाजपा ने ग्राम बरभाठा, गोडपाली, तेंदुवाही, सिनोधा, पचरी, नवागांव, बांसकुडा, जलकी, छपोराडीह, बिरबिरा, झाखरमुडा, धनगांव, रायतुम, रूमेकल, खरोरा के कृषकों के फसल क्षतिपूर्ति की राशि अटका दिया। साल भर से क्षतिपूर्ति राशि नहीं मिलने से किसान आक्रोशित हैं। परिणाम स्वरूप किसान आंदोलन की रणनीति बना रहे हैं।

## श्याम बगीची में चल रही श्याम प्रभु के जन्मोत्सव की तैयारी

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** शहर के संजय कॉम्प्लेक्स स्थित श्याम मंदिर में हर वर्ष कार्तिक मास के पावन एकादशी अवसर पर श्याम प्रभु का जन्मोत्सव मनाया जाता है श्री श्याम मंडल रायगढ़ के श्रद्धालुगण भव्य आयोजन को नव्यता देते हैं। इस धार्मिक कार्यक्रम के अन्तर्गत इस बार भी आगामी 11 से 13 नवंबर तक तीन दिवसीय 46 वां श्री श्याम महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी तैयारी में श्री श्याम मंडल के सभी सदस्यगण जुटे हैं।

श्याम मंडल के अध्यक्ष बजरंग अग्रवाल लेंध्रा ने बताया कि धार्मिक परंपरा के अनुरुप इस बार भी कार्तिक शुक्ल एकादशी के शुभ अवसर पर श्री श्याम अखंड ज्योति पाठ, भव्य निशान यात्रा व श्री श्याम गुणगान बड़ी श्रद्धा से 46 वां श्री श्याम महोत्सव का आयोजन आगामी 11 से 13 नवंबर तक किया जा रहा है। वहीं इस कार्यक्रम के अन्तर्गत आगामी 9 एवं 10 नवंबर को श्री श्याम नाम की मेंहदी, 10 नवम्बर को बाबा श्री श्याम की श्रृंगार माला प्रतियोगिता का आयोजन होगा, जिसमे श्याम प्रेमियों द्वारा अपने घर से मालाबनाकर लाना है जिसे 10 नवंबर को 11 बजे तक जमा करना होगा जिसमे प्रथम द्वितीय एवं तृतीय मलाओ को बाबा को उत्सव में पहनाया जायेगा एवं अन्य को बाकि एकादशी में पहनाया जायेगा एवं विजेताओं को विशेष उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा।नामचीन कलाकार करेंगे शिरकत अध्यक्ष बजरंग लेंध्रा ने बताया कि आगामी 11 से 13 तक श्री श्याम संकीर्तन का भव्य आयोजन होगा। इसके अंतर्गत 11 नवंबर दशमी तिथि को दोपहर दो बजे से श्री श्याम कृपा तक श्री श्याम अखंड पाठ मधुर भजनों के साथ पाठ महाराष्ट्र से पधारे कलाकार डब्बू जी शर्मा एवं नेतल शर्मा की विशेष उपस्थिति में होगा।वहीं 12 नवंबर को पावन एकादशी तिथि पर सुबह 9 बजे श्रीराम मंदिर से भव्य निशान एवं शोभायात्रा निकलेगी जिसमे लगभग 1100 निशान बाबा को अर्पित किये जायेंगे व शाम सात बजे से श्री श्याम कृपा तक श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन देश के सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक सुश्री शिखा भार्गव दिल्लीए मयुर रस्तोगी दिल्ली, रोहित जिम्मी शर्मा कोलकाता की विशेष उपस्थिति में होगा। इसी तरह आगामी 13 नवंबर को बारस को बाबा की ज्योत व सवामनी प्रसाद सुबह 10 बजे से श्री श्याम मंदिर में लगाया जावेगा व शाम सात बजे से श्री श्याम कृपा तक श्री श्याम गुणगान संध्या का भव्य आयोजन देश के सुप्रसिद्ध भजन प्रवाहक रवि बेरीवाल कोलकाता, आदर्श दधीच कटिहार की विशेष उपस्थिति में होगा।

भव्यता देने में जुटे सदस्यगण- 46 वां श्री श्याम महोत्सव आयोजन को भव्यता देने में आयोजक श्री श्याम मंडल के अध्यक्ष बजरंग लेंध्रा, उपाध्यक्ष कैलाशचंद्र बेरीवाल, सचिव सुनील अग्रवाल वकील, कोषाध्यक्ष दीपक मित्तल गोलू, सहसचिव विजय बंसल, कार्यकारिणी सदस्य अनिल गर्ग, जगदीश प्रसाद अग्रवाल, लक्ष्मीनारायण शर्मा, महेश सिंघानिया, नरेंद रतेरिया नितेश अग्रवाल, शिव थवाईत, निवर्तमान अध्यक्ष राजेश अग्रवाल चिराग, कमल अग्रवाल, आनंद गर्ग, ललित बोंदिया कैलाश चंद्र अग्रवाल, कैलाश सांवडिया, राजेंद्र अग्रवाल सहित श्याम मण्डल के सभी सदस्यगण जुटे हैं।

## पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास में फायर मेन एवं नगर सेना की टीम ने दिया अग्निशमन यंत्र के उपयोग का प्रशिक्षण



**बीजापुर, 11 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के समस्त आवासीय विद्यालयों में अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने आग पर काबू पाने का प्रशिक्षण नगर सेना के टीम द्वारा दी जा रही है। इसी क्रम में पोस्ट मैट्रिक कन्या छात्रावास बीजापुर उपस्थित छात्राओ एवं शिक्षिकाओं को आग लगने पर अग्निशमन यंत्र का उपयोग करने और बड़ी दुर्घटना से बचने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। जिसमें शिक्षिकाओं सहित संस्था के कर्मचारियों ने अग्निशमन यंत्र का उपयोग कर प्रायोगिक तौर पर प्रशिक्षण हासिल की। अग्निशमन कार्यालय से फायर मेन नरेंद्र जव्वा, विकास रंगू, लक्की पटले,एवं सैनिक जीबीआर लकड़ा, फिरोज मिंज,दयानाथ साहनी, आनंद सोढ़ी, धनंजय जंगटी,जोगेश संड्रा एवं? कृष्णा पुजारी सहित संस्था की शिक्षिकाएं , कर्मचारी एवं छात्राएं उपस्थित थे।

## हल्लूर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**बीजापुर, 11 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के नेतृत्व में भैरमगढ़ ब्लॉक के अत्यंत सुदूर गांव हल्लूर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ बीआर पुजारी स्वयं मौजूद थे और इस शिविर के माध्यम से 67 ग्रामीणों को स्वास्थ्य लाभ मिला। स्वास्थ्य विभाग के टीम द्वारा संक्रामक रोगो से बचाव सहित स्वास्थ्य संबंधी सुझाव एवं परामर्श दी गई वहीं मलेरिया के प्रकोप से बचने निशुल्क मच्छरदानी का वितरण कर नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करने की समझाइश भी दी गई।

## सर्पदंश पीड़ित को मिला तुरंत इलाज



**बीजापुर, 11 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सर्पदंश से पीड़ित ग्रामीण को मिला त्वरित चिकित्सा का लाभ, कोबरा एवं सीआरपीएफ का सराहनीय कार्यदिनांक 10.11.2024 को चिटेमपारा छुटवाई निवासी संतोष माड़वी पुत्र स्व0 जोगा माड़वी उम्र 25 वर्ष को जहरीले सर्प ने काट लिया।ग्रामीणों के द्वारा नजदीकी सुरक्षा कैम्प छुटवाई में सम्पर्क किया गया, जिस पर फील्ड अस्पताल कैम्प छुटवाई में तैनात डॉ0 आदिल के द्वारा ग्रामीण संतोष माड़वी का प्राथमिक उपचार किया गया।फील्ड अस्पताल में ग्रामीण का उपचार उपरान्त केरिपु बल कैम्प गुण्डम के द्वारा सिविल एम्बुलेंस की मदद से ष्ट॥ष्ट बासागुड़ा के लिये रवाना किया गया।ग्रामीण का उपचार वर्तमान में ष्ट॥ष्ट बासागुड़ा में चल रहा है, स्थिति सामान्य है।

## अधिकारी -कर्मचारियों ने किया श्रमदान



**बीजापुर, 11 नवंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा समय-सीमा बैठक में दिए गए निर्देश के तहत द्वितीय शनिवार को जनपद पंचायत भोपालपटनम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बीजापुर सहित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी -कर्मचारियों ने अपने -अपने कार्यालयों एवं कार्यालय परिसर में स्वच्छता बनाए रखने श्रमदान किया।

# समन्वय के साथ करें योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन: राधेश्याम राठिया

**रायगढ़, 11 नवम्बर।** लोकसभा सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने कहा कि शासन की योजनाएं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर अच्छे से हो इसके लिए जरूरी है कि विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और योजनाओं के प्रगति की नियमित रूप से समीक्षा करें। सांसद श्री राठिया की अध्यक्षता में शनिवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति दिशा की बैठक कलेक्ट्रेट में आयोजित हुई। बैठक में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री निराकार पटेल, कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल एवं सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव बैठक में उपस्थित रहे।



सांसद श्री राधेश्याम राठिया ने केंद्र द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि दिशा समिति की बैठक का उद्देश्य जिले में योजनाओं के क्रियान्यवन एवं उसके प्रगति का मूल्यांकन करना है। शासन की सभी योजनाएं लोकहितैषी है और उनका प्रभावी क्रियान्वयन करना हमारा दायित्व है। जिससे लोगों को योजनाओं का लाभ मिल सके। सांसद श्री राठिया ने कहा कि जल-जीवन मिशन के माध्यम से घर-घर तक पेयजल पहुंचाने की योजना है। उन्होंने पीएचई को जल-जीवन मिशन के कार्यो में तेजी लाने एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के कार्यो की जानकारी ली। उन्होंने सड़क निर्माण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने की बात कही। सांसद श्री राठिया ने पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत स्किल डेवलपमेंट हेतु हितग्राहियों के पंजीयन एवं उनके प्रशिक्षण के बारे में जानकारी ली। सांसद श्री राठिया ने कृषि एवं उद्यानिकी विभाग से कहा कि जिले के कई हिस्से हाथी विचरण क्षेत्र अंतर्गत आते है, यहां किसानों की फसलों को हाथियों की आमद से होने वाले नुकसान का त्वरित फील्ड निरीक्षण करते हुए आंकलन कर उचित मुआवजा दिलवाए, इससे किसानों को राहत होगी। उन्होंने आवास निर्माण के लिए रेत सप्लाई को सुचारू रखने की व्यवस्था के निर्देश दिए। खनिज अधिकारी ने बताया कि इसके लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही है।

बैठक में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत पेयजल आपूर्ति की योजना के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन की दिशा में लगातार कार्य किया जा रहा है। भूजल के अत्यधिक व अव्यवस्थित दोहन न हो इसका हमें ध्यान रखने की अत्यंत आवश्यकता है। उन्होंने ईई पीएचई को शिकायतों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। स्वास्थ्य व महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं व कुपोषित बच्चों की स्वास्थ्य सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। फसल बीमा के तहत किसानों के पंजीयन के साथ उनके क्लेम भुगतान पर भी फोकस करने की बात कही। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के ऐसे रोड जहां भारी वाहनों का आवागमन है उसे भविष्य में पीडब्लयूडी के अंतर्गत लिए जाने हेतु आवश्यक प्रक्रियाओं की तैयारी करने के लिए कहा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार द्वारा सभी अनुसूचित बसाहट क्षेत्रों को बुनियादी सुविधाओं से जोड़ने विशेष अभियान शुरू किया गया है।

सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव ने पीएम आवास के तहत निर्माणाधीन व पूर्ण हो चुके आवास के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आवास पूर्णता में जिला प्रदेश में तीसरे क्रम पर है। इसी प्रकार मनरेगा तथा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के कार्यों को भी तेजी से पूरा किया जा रहा है। आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को समूह से जोड़ा जा रहा है एवं आर्थिक सशक्तिकरण के लिए लोन स्वीकृत किए जा रहे है, ताकि महिला समूह आजीविका गतिविधियां बेहतर तरीके से संचालित कर सके। सांसद श्री राठिया ने लैलूंगा क्षेत्र में भी बैंक लिंकेज व लोन प्रदाय से जुड़े कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। सीईओ श्री यादव ने बताया कि कृषि क्षेत्र में उद्यानिकी फसलों के तहत पाम ऑयल की खेती की जा रही है। इसमें सब्सिडी का प्रावधान है, जिसका लाभ किसानों को मिल रहा है। आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा हो रही है। करीब 88 प्रतिशत हितग्राहियों के कार्ड बनाए जा चुके है। जिसे जल्द शत-प्रतिशत पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। सांसद श्री राठिया ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, पीएम आवास योजना, स्वच्छ भारत मिशन, एनआरएलएम, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, जल जीवन मिशन, पीएम कृषि सिंचाई एवं फसल बीमा योजना, राष्ट्रीय बागवानी मिशन, पीएमजीएसवाय, पीएम कौशल विकास योजना व पीएम विश्वकर्मा योजना सहित अन्य योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान बैठक में जनपद पंचायत अध्यक्ष लैलूंगा श्रीमती किरण पैंकरा, जनपद पंचायत अध्यक्ष तमनार श्रीमती सविता राठिया, जनपद पंचायत अध्यक्ष घरघोड़ा श्रीमती सहोद्रा राठिया, पार्षद श्री सुभाष पाण्डेय, श्री सौरभ चौधरी, श्री संजय कुमार मोदी, डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टायलो मंडावी, डीएफओ धरमजयगढ़ श्री अभिषेक जोगावत, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत श्री नीलाराम पटेल, एडिशनल सीईओ जिला पंचायत श्री महेश पटेल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### दुकान से ढाबा संचालकों एवं कोचियों को भारी तादाद में शराब की सप्लाई

**सिमगा 11 नवंबर।** थाना क्षेत्र के कबीर धर्म नगर दामाखेड़ा में हुए दुर्भाग्य जनक घटनाक्रम के बाद दामाखेड़ा एवं आसपास के ग्रामों में अवैध शराब की बिक्री कड़ाई से बंद कराने के बाद रायपुर बिलासपुर सिमगा नेशनल हाइवे, बेमेतरा चौक और मार्ग के ढाबों, तिल्दा रोड के ढाबों में और पुराना बस स्टेंड स्थित ठेला के कोचिए द्वारा पूर्व से ही स्टाक कर रखे गए अवैध शराब की बिक्री जोरों पर रहा ।उनकेद्वारा 110/का देशी मसाला शराब 270/में बेची गई, संबंधित ढाबों और ठिकानों में सुरा प्रेमियों का हुजूम उमड़ पड़ा ।ये हालात हैं सिमगा राजस्व अनुविभाग, तहसील, और थाना मुख्यालय का ।जहां प्रशासन नाम की कोई चीज नहीं है ।

### शहर के स्वच्छता वाहन से गीत गूंजने लगी

**भाटापारा 11 नवंबर।** नगरपालिका मे



स्वच्छता गीत सुनाई देने लगी है कई वर्षो से बंद स्वच्छता वाहन मे लगे गीत फिर से नगरवासियों को सुनायी देने लगा है जिससे नगरवासियों मे हर्ष व्याप्त है साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता आने लगी है न.पा.के सीएमओ जफर खान ने शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए नागरिकों से अपील की है।

### दरबा परिक्षेत्र साहू समाज में दीपावली मिलन समारोह का आयोजन



**भखारा 11 नवंबर।** दरबा परिक्षेत्र साहू समाज का दीपावली मिलन समारोह ग्राम बिरेझर में आयोजित हुआ जिसमें जिला अध्यक्ष अवनेन्द्र साहू,तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू एवं परिक्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश साहू ,संरक्षक संतराम साहू,विश्वनाथ साहू,तुलेंद्र साहू के द्वारा मां कर्मा की छायाचित्र पर विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया7 इस अवसर पर जिलाध्यक्ष अवनेंद्र साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि यह त्यौहार अंधकार को प्रकाश की ओर ले जाता है यह त्यौहार लगातार पांच दिनों तक प्राथमिकता से मनाया जाता है सारे गिला शिकवा दूर कर गले मिलकर आपसी भाईचारा के साथ यह त्यौहार को मनाया जाता है7 तहसील अध्यक्ष राधेश्याम साहू ने अपने उदबोधन में कहा कि यह त्यौहार गौ संवर्धन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है क्योंकि गौ माता की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर खिचड़ी खिलाई जाती है एवं लक्ष्मी के रूप में पूजा की जाती है जिस घर में गौ माता रहती है उस घर में हमेशा खुशियां छाई रहती है पशुधन से ही मनुष्य का विकास निर्भर करता है उक्त दीपावली मिलन समारोह कार्यक्रम में नागेश्वर साहू,ललित चौधरी,फूल सिंग,रूपेंद्र,भुनेश्वर साहू, भोजराम, चित्ररेखा, मनसा साहू,केजु राम,भुपेन्द्र साहू, निलमण साहू,गुलशन कुमार, भागी साहू,अलख राम साहू सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु उपस्थित हुए उक्त कार्यक्रम में विभिन्न सामाजिक प्रकरणों का निराकरण भी किया गया।

### तिल्दा-नेवरा में लोकमाता अहिल्या बाई की जीवनी पर प्रतियोगिता

**तिल्दा 11 नवंबर।** तिल्दा के नेवरा बद्रीनारायण बागड़िया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नेवरा में लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की



त्रिशताब्दी वर्ष के अवसर विविध प्रतियोगिता आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने भाषण, चित्रकला और निबंध लेखन प्रतियोगिता में भाग लिया। यह आयोजन लोकमाता अहिल्याबाई होलकर की विरासत और योगदान को याद करने के लिए किया गया था, जिन्हें उनकी सामाजिक और शैक्षिक उपलब्धियों के लिए जाना जाता है जिसमे बच्चो ने अहिल्या बाई की प्रेरणा दाई जीवनी के बारे मैं अलग अलग तरीकों से व्यक्त किया इस दौरान प्राचार्य राजेश चांदनी, नरेंद्र शर्मा,खुमान वर्मा, ईश्वर यादव, सौरभ जैन, विजय ठाकुर, मनोज निषाद चंद्रकला वर्मा, जानकी, दुलारी वर्मा गोपाल वर्मा आदित्य तिवारी आदर्श वर्मा, संजय सेन एवं स्कूल की छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# छः माह के कार्यकाल की समीक्षा में खरे उतरे कपिल, बढ़ाया सतनामी समाज का मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भखारा 11 नवंबर।** सतनामी समाज जिला धमतरी कार्यकारिणी का समीक्षा बैठक छाती के सतनाम भवन में आयोजित किया गया था।उक्त बैठक में जिला सतनामी समाज जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के विगत छः माह के कार्यकाल की समीक्षा की गई।समीक्षा मे पाया गया कि कपिल देशलहरे अपने पद के अनुरूप कार्य करने में सफल रहे है। इन छः महीने के कार्यकाल में उन्होंने धमतरी से लेकर प्रदेश स्तर पर जिला सतनामी समाज का मान बढ़ाया है।जिसे लेकर उपस्थित समाजजनों ने उन्हें बधाई दी। बैठक में भुवनलाल गायकवाड़, रमेश लहरे,सुरेंद्र कुर्रे,दीपचंद



भारती,रामेश्वर कोसरे,विजय सोनवानी,डीपी जोशी,मणिकांत जोशी,राजेंद्र भारती,प्रवीण कोसरे,विजय गायकवाड़,गंगाराम देशलहरा,सोनुराम ढीढी,नवीन कुमार मारकंडे,प्रीतम टंडन उपस्थित रहे। सतनामी समाज जिला धमतरी के कोषाध्यक्ष दीपचंद भारती ने जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले छः माह में आपके द्वारा किए गए कार्य प्रशंसनीय है।उन्होंने जिलाध्यक्ष को कुछ विषयों पर और भी बेहतर करने की सुझाव दिया है।सतनामी समाज धमतरी के सलाहकार डॉ.सुरेंद्र कुर्रे ने जिलाध्यक्ष के द्वारा किए गए सराहनीय प्रयास को बताया उन्होंने कहा कि जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के द्वारा जिले में पहली बार सतनाम राऊटी का कार्यक्रम किया गया।जिले मे राऊटी प्रथा को पुनर्जीवित किया है।जिसका परिणाम है कि आज सतनामी समाज एकता के सूत्र में बंधा है।जिले पहली बार सरहा जोधाई जयंती मनाया गया।धमतरी मे प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया।साथ ही जिले आयोजित राष्ट्रीय जल जगार महोत्सव में पंथी नृत्य की भागीदारी सुनिश्चित किया।

जिले में पहली बार वीर सरहा जोधाई की जयंती मनाया गया। ज्ञात हो कि सामंतियों ने षडयंत्र पूर्वक गुरु बालकदास पर हमला कर दिया था।उस परिस्थिति में वीर अंगरक्षक सरहा जोधाई ने बड़ी बहादुरी से दुश्मनों का सामना किया और अपने जीवित रहते तक गुरु बालकदास की रक्षा की।जिनकी वीरता की इतिहास से समाजजनों को अवगत करवाया।

24 अगस्त को धमतरी मे प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन कर प्रदेश संगठन की शुरुआत जिलाध्यक्ष कपिल देशलहरे के नेतृत्व में हुआ।24 अगस्त को धमतरी मे प्रदेश स्तरीय महासम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए जिलाध्यक्षों ने गुरु बालदास साहेब को अपना मुखिया घोषित किया।और उनके मार्गदर्शन में विभिन्न संगठनों ने चलाना स्वीकार किया।

# गौरव दिवस पर जनजाति समाज के इतिहास को बताया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा 11 नवंबर।** उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के दिशानिर्देश पर जनजाति गौरव दिवस के परिपेक्ष्य में आयोजित एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि इन्द्राणी मरकाम (सहा. प्राध्यापक अर्थशास्त्र शास.गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय भाटापारा) विशिष्ट अतिथि डॉ राजेश द्विवेदी (हिन्दी विभागाध्यक्ष शास.गजानंद अग्रवाल महाविद्यालय भाटापारा) , मुख्य वक्ता नीरज सिंह ठाकुर (सामाजिक कार्यकर्ता) अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रीता दीवान ने किया. सर्वप्रथम जनजाति नायकों के चित्र पर माल्यार्पण के बाद राज्यगीत से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ । कार्यक्रम की प्रस्तावना संस्था प्रमुख ने दी पश्चात मुख्य अतिथि इन्द्राणी मरकाम ने जनजाति समाज के बारे में बताते हुए कहा कि जनजाति समाज के गौरव अतीत को याद कर बताया कि आज हम समाज को सही आईना दिखा रहे है कि



जो समाज हम सबके मूल में है आखिर अंग्रेजो की बनाई बातों से हम उन्हें आज अलग मानने लगे गये जबकि वास्तविकता उलट है जो बातें इतिहास में जनजाति समाज को लेकर बताई जाती वह नही बताई गई जनजाति समाज का अपना गौरवशाली इतिहास है, जिसे आज सरकार आगे ला रही या जनजाति समाज सहित सभी समाजो के लिए मिथक दूर करने का महत्वपूर्ण कार्य है । मुख्य वक्ता नीरज ने बताया कि सभ्यता और संस्कृति देने वाला समाज जनजाति समाज है इनका एक अपना गौरवशाली इतिहास है जिन्हें दुर्भाग्य से कही पढ़ाया नही जाता स्वतंत्रता आन्दोलन हो या फिर भारत मे बाहरी आक्रमणकारी के आने पर यदि किसी समाज ने प्रतिरोध सर्वप्रथम किया वो जनजाति समाज है । इनकी अपनी एक आध्यत्मिक ऊँचाई है जिसकी कल्पना हम माता सबरी के संवाद से कर सकते है. अंग्रेजो ने इस समाज को हमेशा निचले स्तर का माना और इसका प्रचार किया ,यही कारण है कि लोगो मे अंग्रेजो की बताई बाते असभ्यता वाली का प्रचार हुआ आज जनजाति नायकों की स्वतंत्रता में भूमिका पर चर्चा नही होती जबकि स्वतंत्रता के असल जड़ में जनजाति समाज के नायक है... चाहे वह बिरसा मुंडा हो रानी दुर्गावती हो कोमराम भील हो रानी गाइदिन्ल्यू हो वीरनारायण सिह हो तिलका माझी हो या बुद्धु भगत ऐसे हजारों जनजाति वीरो ने देश की रक्षा और स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति दी । हमें इतिहास 1857 से 1947 तक बताया जाता हूं जबकी इसके पहले इतिहास हमसे छुपाए गए..आज जनजाति नायकों को फिल्मों मे ऐसा दिखाया जाता है जैसे वे है नही और यही हम सबके मानसिकता में बैठ चुकी है. जनजाति समाज के कई राज्य हुआ करते थे उनके अपने अलग स्थापत्य कला हुए लेकिन अंग्रेजो ने जनमानस में यह बात छेड़ी की ये असभ्य है.. जो कि पूर्णतः मिथक रहे.. आज जंगल बचे है उनमें जनजाति समाज का अमूल्य योगदान है वे प्रकृति पूजक है.. आज समय है इन जनजाति समाज से विश्व को दिशा देने की क्योंकि उनका पूरा जीवन समाज मे एक गौरवपूर्ण जीवन है.. समय है जनजातियों के बारे में जानने समझने की और इनके इतिहास समाजिक आर्थिक और आध्यत्मिकता को समझने की जो समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

# भाई-भाई का रिश्ता है अनमोल : मुनि सुधाकर

**रायपुर 11 नवंबर।** आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी व मुनिश्री नरेश कुमार जी के सान्निध्य में आज दिनांक 10/11/2024 रविवार को श्री लाल गंगा पटवा भवन, टैगोर नगर के जय समवशरण में तेरापंथ युवक परिषद्, रायपुर ने एक विशेष अनोखी व अपने आप में अलबेली कार्यशाला ÷मेरा भाई मेरी भुजा÷ भाई हो तो ऐसा हो का आयोजन किया।

जिसमें विशेष अतिथि के रूप में शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के अतिरिक्त सचिव श्री आनंद जी पाटिल उपस्थित हुए।

मुनिश्री सुधाकर जी ने उपस्थित जनमेदनी को संबोधित करते हुए कहा कि भाई ही भाई की भुजा होता है। भाई से बड़ा न कोई मित्र होता है न कोई शत्रु। भाई चाहे तो भाई के जीवन को स्वर्ग व नरक बना सकता है। मुनिश्री ने रामायण व महाभारत पात्रों से इस विषय पर और अधिक प्रभावशाली तथ्य प्रस्तुत करते हुए भाई भाई के रिश्तों को परिभाषित किया। मुनिश्री ने आगे कहा कि रामायण में जहां सिंहासन के लिए समर्पण था जिसकी परिणति हुई भाईयों में आपसी प्रेम की प्रगाढ़ता के साथ



कुल कि यश कीर्ति अभिवृद्धि वहीं महाभारत में सिंहासन के लिए ममत्व था, जिसकी परिणति हुई महायुद्ध जो हुआ भाईयों के बीच। मुनिश्री ने कुछ सूत्र प्रस्तुत किए जिनसे हम अपने रिश्तों को प्रगाढ़ बना सकते हैं जैसे ज़िद छोड़ो परिवार को जोड़ो, भाई से विपत्ति बांटों न कि संपत्ति, भाई-भाई का रिश्ता दूध शक्कर जैसा होना चाहिए, स्वार्थ को छोड़ रिश्तों को जोड़ना चाहिए, झुकना पड़े तो झुको मगर परिवार को मत झुकने दो, तेरा मेरा छोड़ हमारा की भावना जागृत करें आदि। कार्यशाला अंतर्गत समायोजित तेरापंथ महिला मंडल, रायपुर आयोजन अपनी जोड़ी देवरानी जेठानी पर भी मुनिश्री सुधाकर जी ने प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिए।विशेष अतिथि श्री आनंद पाटिल ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि आज स्वार्थवश व उचित मार्गदर्शन के साथ परवरिश नहीं मिलने के कारण भी भाई-भाई के रिश्तों में मधुरता कि कमी हो रही। मुनिश्री नरेश कुमार जी ने सुमधुर गीतिका का संगान किया। कार्यशाला में डॉ. राजा जैन विशेष थेरेपी द्वारा नाभी सेंटिंग पर प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला आयोजन में श्री रोशन अंकित जी अनेकांत जी जैन व श्री गणेश चंद जी धीरेन्द्र कुमार जी जैन का विशेष योगदान रहा। कार्यशाला में मंगलाचरण तेरापंथ महिला मंडल, संचालन व आभार वीरेंद्र डागा के साथ स्वागत वक्तव्य पकंज बैद ने दिया। कार्यशाला में रायपुर के अलावा आसपास क्षेत्रों के जैन व अजैन श्रावक-श्राविकाओं के साथ ही चेन्नई से श्री अशोक परमार की उपस्थिति रही। कार्यशाला में रिषभ बोथरा, वीरेंद्र मरोठी, विकास बरलोटा, जयप्रकाश चोपड़ा, संजय सिंघी, अभय गोलछा, निकुंज साचला ने विशेष सहयोग किया।

### वाद विवाद करने वाला युवक गिरफ्तार

**तिल्दा 11 नवंबर।** एक व्यक्ति शराब पीकर वार्ड क्र0 15 तिल्दा में मोहल्ले के लोगो को गाली गुप्तार कर उलझते हुये मारपीट पर उतारू हो रहा है कि सूचना पर मौका जाकर अनावेदक को पुलिस एवं मोहल्लेवासियो के द्वारा समझाईश दिया गया किन्तु नही मानकर उग्र हो गया था जिसे धारा 170 बी.एन.एस.एस. में गिरफतार कर माननीय एसडीएम न्यायालय तिल्दा नेवरा में पेश किया गया। अनावेदकगण 1.तामेश्वर निषाद,2. मोहित सेन, 3.प्रीतम कुमार मनहरे, 4.दूजेकुमार बंजारे, 5.राहुल सेन उर्फ परमानंद सेन प्रार्थी गणेश भारती के दुकान के पास आकर आपस में गाली गलौज हो रहे थे जिसे प्रार्थी एवं उसके परिवार के लोग मना किये तो प्रार्थी को मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर मारपीट कर चोट पहुँचाये थे जिनके विरूद्ध अपराध दर्ज किया जमानत पर रिहा होने के उपरान्त पुनः मारपीट व लडाई झगडा पर उतारू हो गये थे जिन्हें धारा 170 बी.एन.एस.एस. में गिरफ्तार कर माननीय एसडीएम न्यायालय तिल्दा नेवरा में पेश किया गया।

## समाचार संक्षेप

### धमकाने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 11 नवंबर।** मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि



प्रार्थीया द्वारा दिनांक 09.11.2024 को थाना लवन आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनाक 04/11/2024 के आरोपी राजेश मिश्रा द्वारा मेरे पति स्व. दिनेश वर्मा को खांसी सर्दी का गलत दवाई (जहरीला पदार्थ) दिया गया, जिसका मेरा पति दिनेश वर्मा के द्वारा सेवन किया गया। दवाई में जहरीला पदार्थ होने के कारण उसकी मृत्यु हो गयी, जिस पर लवन पुलिस द्वारा आरोपी राजेश मिश्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। जिसे लेकर दिनांक 08/11/2024 के दोपहर के लगभग 02/30 बजे लगभग आरोपी राजेश मिश्रा का भाई धर्मेश मिश्रा द्वारा घर अंदर घुसकर अपने हाथ में डण्डा लेकर मुझे मां बहन की गंदी-गंदी गाली देकर जान से मारने की धमकी दिया है एवं मेरे जेठ व घरवालों सभी को जान से मार कर खत्म करने का धमकी दिया है। जिससे सदमे से मेरे जेठ ललित कुमार वर्मा बेहोश हो गया था और हम सभी घरवाले भी भय के माहौल में है, जो आज दिनांक 09/11/2024 को घर में सलाह के बाद शिकायत करने थाना आयी हूं। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 467/2024 धारा 296,351(2),333 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में थाना लवन से प्रधान आरक्षक विनोद बांधे द्वारा त्वरित विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी धनेश मिश्रा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर जहरीली दवाई सेवन करने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो जाने वाले प्रकरण में, मृतक पक्ष के लोगों के घर जाकर, उनके परिवार के सदस्यों को डराना एवं धमकाना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 09.11.2024 को गिरफ्तार कर जेल में निरूद्ध किया गया।

### चोरी करने वाले गिरोह के 2 फरार आरोपी गिरफ्तार

**नवंबर 11 नवंबर।** थाना भाटापारा शहर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 29.09.2024 को साइबर सेल की टेक्निकल टीम एवं भाटापारा शहर में



लगे सिटी सर्विलांस सिस्टम की मदद से रोड किनारे खड़े ट्रकों के पहिए, जैक, बैटरी आदि चोरी करने वाले एक संगठित गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 02 अपचारी बालक सहित कुल 07 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। इस दौरान पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से कुल ?7,95,000 कीमत मूल्य का ट्रकों का पहिया, बैटरी, जैक आदि बरामद किया गया था। सांथ ही आरोपियों से चोरी करने में इस्तेमाल एक कार, एक ऑटो, एक छोटा हाथी एवं चोरी करने में प्रयुक्त अन्य औजार भी जप्त किया गया था। संपूर्ण घटनाक्रम में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार में दर्ज 01. अपराध क्र. 668/2024 धारा 303(2),3(5) बीएनएस, 02. अपराध क्र. 669/2024 धारा 303(2), 3(5) बीएनएस एवं 03. अपराध क्र. 682/2024 धारा 303(2),3(5) बीएनएस की विवेचना एवं जांच क्रम में, आरोपियों से मनोवैज्ञानिक एवं विस्तृत पूछताछ तथा परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर थाना सिटी कोतवाली पुलिस टीम द्वारा प्रकरण में शामिल 02 आरोपी प्रकाश टोंडे एवं दीपक टोंडे को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर दोनों आरोपियों द्वारा पूर्व में गिरफ्तार अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर रोड किनारे खड़े ट्रकों से टायर, बैटरी, जैक आदि चोरी करना स्वीकार किया गया। कि प्रकरण में शामिल दोनों आरोपियों को आज दिनांक 08.11.2024 को न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

### जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद भी ओवर लोडिंग के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं

**सिमगा 11 नवंबर।** जिला कलेक्टर के निर्देश के बाद भी ओवर लोडिंग के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं, यातायात प्रभारी संदेह के दायरे में । मिली जानकारी के अनुसार तहसील एवं ब्लाक मुख्यालय सिमगा जिला बलौदाबाजार में ओवर लोडिंग के विरुद्ध कलेक्टर द्वारा जारी कार्यवाही के फरमान के बावजूद यातायात प्रभारी, स्टाप की मिलीभगत और संरक्षण में बेखौफ लगातार धूल उड़ते डस्ट, रेत,जिप्सम जैसे अन्य अयस्कों से बारह चक्के वाले ओवर लोडिंग ट्रकों के विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ओवर लोड ट्रकें तिल्दा मार्ग तिराहा चौक होते हुए बेमेतरा, कवर्धा मार्ग की ओर जाते हुए कभी भी देखा जा सकता है जिससे कि जनहानि की प्रबल संभावना लगातार बनी रहती है और सड़कें खराब हो रही है सूत्र बताते हैं कि ऐसे डस्ट एवं रेत माफियाओं को खुला राजनैतिक एवं प्रशासनिक संरक्षण प्राप्त है जिससे इनके हौसले बुलंद हैं ।



### पुलिस अधीक्षक ने किया सड़क दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का निरीक्षण

**बलौदाबाजार 11 नवंबर।** पुलिस अधीक्षक द्वारा विभिन्न सड़क मार्ग में दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान दिनांक 20.10.2024 से 31.10.2024 तक की स्थिति में जिन सड़क मार्ग एवं स्थलों में सड़क दुर्घटनाएं घटित हुई थी, उन स्थलों का पुलिस अधीक्षक द्वारा भ्रमण कर यातायात व्यवस्था में तैनात अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। उन्होंने उप पुलिस अधीक्षक यातायात बलौदाबाजार को उक्त स्थलों में पर्याप्त संख्या में स्टॉपर, टायर आदि लगाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे सड़क मार्ग में चलने वाले वाहनों की गति नियंत्रित रहे। इसके साथ ही पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों से आपसी समन्वय स्थापित कर उक्त स्थलों में संकेतक लगाने हेतु निर्देशित किया गया, जिससे उक्त सड़क मार्ग से गुजरने वाले वाहनों को परस्पर जानकारी मिलती रहे। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु इन सड़क मार्ग के आसपास के निवासी, ग्रामीण एवं ग्राम सरपंच आदि से मिलकर रोड में किसी भी प्रकार से पालतू जानवर अथवा मवेशी भ्रमण ना करें इसके लिए ग्रामवासियों को आवश्यक हिदायत देने हेतु निर्देशित किया गया। विगत कुछ दिनों से नियमित अंतराल में कुछ चिन्हित सड़क मार्ग में रोड एक्सीडेंट की लगातार घटनाएं घटित हुई थी, जिस कारण उक्त स्थलों का भ्रमण कर इसमें आवश्यक सुरक्षा प्रबंध कर रहे हेतु निर्देशित किया गया।




### फार्मेट सी-1
### आपराधिक मामलों के बारे में घोषणा

(वर्ष 2011 की रिट याचिका (सिविल) सं. 536 में माननीय उच्चतम न्यायालय के दिनांक 25 सितंबर, 2018 के निर्णय के अनुसार) (पब्लिक इंट्रेस्ट फाउंडेशन और अन्य बनाम भारत संघ और अन्य)

**अभ्यर्थी का नाम और पता: आकाश शर्मा,** मकान नंबर 115, वी. एल. एम. स्कूल के पास, ओम सोसायटी, सुन्दर नगर, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ 492013

**राजनैतिक दल का नाम:** इंडियन नेशनल कांग्रेस

निर्वाचन का नाम-

विधान सभा-

**निर्वाचन क्षेत्र का नाम- 51 - रायपुर नगर दक्षिण**

मैं आकाश शर्मा (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए अभ्यर्थी, सार्वजनिक सूचना हेतु अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के बारे में निम्नलिखित विवरणों की घोषणा करता हूं **(क) लंबित आपराधिक मामले- क्र.सं. (1) न्यायालय का नाम-** न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, **मामले की सं. एवं तारीख-** 22283/2013, **मामले (मामलों) की स्थिति-** लंबित, **संबंधित अधिनियमों की धारा (धाराएं) एवं अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण-** धारा 353, 186, 188, 332, 147, 148 भारतीय दण्ड विधान एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

2. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 20471/2015, लंबित, धारा 147, 149, 427 भारतीय दण्ड विधान, धारा 03 लोक सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

3. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, 4884/2018, लंबित, धारा 147, 353, 186, 332, 427 भारतीय दण्ड विधान एवं शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप।

4. न्यायालय श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी, रायपुर, छत्तीसगढ़, -2794/2018, लंबित, धारा 147, 321, 294 भारतीय दण्ड विधान एवं बल्वा, स्वेच्छया उपहति करने का आरोप।


■ समाजिक संस्था सर्व समाज समन्वय महासभा ने किया सामाजिक जीवन में अधिवक्ताओं की भूमिका कार्यक्रम का आयोजन

# अधिवक्ता समाज के अभिन्न अंग : रूप नारायण सिन्हा

**रायपुर, 11 नवंबर।** सामाजिक संस्था सर्व समाज समन्वय महासभा छत्तीसगढ़ के द्वारा आज राजधानी रायपुर के सिविल लाइन में स्थित वृंदावन हॉल में सामाजिक जीवन में अधिवक्ताओं की भूमिका विषय पर कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें विधि के क्षेत्र में विशेष योगदान देने वाले अधिवक्ताओं का विधि रत्न से सम्मान भी किया गया। उक्ताशय की जानकारी देते हुए आयोजक मंडल के प्रमुख सदस्य योगाचार्य डॉ सी?एल? सोनवानी ने कहा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रूप नारायण सिन्हा (भाजपा सहयोग केंद्र प्रभारी) ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा अधिवक्ता समाज के अभिन्न अंग है जो समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने का कार्य करते है, अधिवक्ताओं का सामाजिक जीवन में अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है अधिवक्ता के बिना न्याय व्यवस्था का सुचारु रूप से संचालन नहीं किया जा सकता। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि विधि सलाहकार श्रीमती नेहा गुप्ता ने कहा हम सभी को मिलकर न्याय व्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता है सबको सरल और सुलभ रूप से न्याय कैसे मिले इस पर काम करने की आवश्यकता है। स्वागत भाषण देते हुए सर्व समाज समन्वय महासभा के प्रमुख डॉ उदयभान सिंह चौहान ने कहा हमारी संस्था समाज के हर





वर्ग को जोड़ने और उनके बीच समन्वय करने का काम कर रहे है । सबको न्याय दिलाने का कार्य अधिवक्ता करते है उनका स्वागत और सम्मान हमारा कर्तव्य है। कार्यक्रम के मुख्यवक्ता श्री सच्चिदानंद उपासने(राष्ट्रीय लोकतंत्र सेनानी संघ उपाध्यक्ष)अपने उद्बोधन में कहा अधिवक्ताओं के सामाजिक और पारिवारिक जीवन बहुत ही कठिनाइयों भरा होता है पीड़ितों को न्याय दिलाना, लोगों की समस्याओं को दूर करना और लोगों मुसीबत से बचाने का काम अधिवक्तागण करते है। ज़िला अधिवक्ता संघ रायपुर के अध्यक्ष श्री हितेंद्र तिवारी ने कहा अधिवक्ता अपने पक्षकार के लिए मेहनत करता है और माननीय न्यायालय न्याय करता है, अधिवक्ता सम्मान के लिए काम नहीं करता लोगों को न्याय कैसे मिले उसके लिए काम करता है ,आपकी संस्था का धन्यवाद आपने अधिवक्ता परिवार का सम्मान का सोचा और अधिवक्ताओं का सम्मान किया। कार्यक्रम में आयोजक मंडल सदस्य के रुप में डॉ सत्यजीत साहू संचालक (संस्थापक दोस्त और प्योर संस्था) डॉ. सी.एल.सोनवानी ,(आई. एन. ओ.संयोजक)के पी निषाद अध्यक्ष (छत्तीसगढ़ लोक हीतकारी संघ )आदित्य टंडन, (छत्तीसगढ़ स्वाभिमान संस्था) देव देवनारायण सिन्हा, उमाकांत मिश्रा ,अधिवक्ता विश्व वंदनी पांडे , अधिवक्ता भगवानू नायक ,आशीष तांड़ी ,सुषमा पटनायक, और बड़ी संख्या में प्रदेश भर से अधिवक्ता गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में लगभग 60 अधिवक्ताओं को मेडल, प्रमाण पत्र और वस्त्रसम्मान से सम्मानित किया गया। जिसमें प्रमुख से ज़िला अधिवक्ता संघ उपाध्यक्ष अधिवक्ता किशोर ताम्रकार, अधिवक्ता के पी निषाद, अधिवक्ता भगवानू नायक, अधिवक्ता उमाकांत मिश्रा, अधिवक्ता विश्व वंदनी पांडे, अधिवक्ता देवनारायण सिन्हा, अधिवक्ता, अधिवक्ता स्मिता पांडे, अधिवक्ता शोभा सोनी, अधिवक्ता उर्वशी घोष, अधिवक्ता शिल्पी प्रधान अधिवक्ता विनोद श्रॉफ, अधिवक्ता अंकुरदीप, अधिवक्ता विवेक तनवानी, अधिवक्ता सुनील सेन ,अधिवक्ता दाऊलाल साहू, अधिवक्तासी .एल .मारकंडे ,अधिवक्ता श्रद्धा जांगड़े ,अधिवक्ता तापस घोष, अधिवक्ता देवेश शर्मा, अधिवक्ता पारस नायक सम्मानित हुए। कार्यक्रम का संचालन डॉ सत्यजीत साहू ने और आभार प्रदर्शन अधिवक्ता भगवानू नायक ने किया।

